MPHIN/2021/83938



दैनिक

# पुष्पांजली टुडे

नई सोच नई पहल



ग्वालियरः वर्षः4 : अंकः17 | ग्वालियर, रविवार 29, सितंबर 2024 | पृष्ठः 8 मूल्यः 2 रुपए

## धूमधाम से मनाया गया जन्म दिवस



कानपुर -- नगर के प्रतिष्ठित उद्योग पति वरिष्ठ समाजसेवी सेठ मुरारीलाल अग्रवाल जी का जन्मदिन निज निवास पर बड़े ही धूमधाम से मनाया गया एवं विशाल भंडारे का भी आयोजन कराया गया। आप को बताते चलें कि सभी लोगों के सुख - दुख में साथ देने वाले वरिष्ठ समाजसेवी सेठ मुरारी लाल अग्रवाल जी का जन्मदिन उनके निजी निवास में बड़े धूमधाम से मनाया गया।समाजसेवी सेठ मुरारी लाल अग्रवाल जी के जन्मदिन के अवसर पर राधा कृष्ण की बहुत ही सुन्दर झांकी भी देखने को मिली।वरिष्ठ समाज सेवी सेठ मुरारी लाल जी के जन्मदिन पर आये हुये सभी लोगों ने उनको उपहार देकर उनका भव्य स्वागत किया और उनकी लम्बी आयु की कामना कीड़वहां आये सभी बच्चों ने अलग अलग गानों में अपने अपने नृत्य प्रस्तुत किये जिसको देख सभी लोगों के चेहरों पर खुशी की लहर देखने को मिली।

## इंटास फाउंडेशन के द्वारा कैंसर के मरीजों एवं हीमोफीलिया पेशेंट को दी जा रही है अनेक सुविधाएं

ग्वालियर -/-इंटास फाउंडेशन के द्वारा अपना घर में कैंसर मरीजों एवं केयरटेकर को वातानुकूल कमरों की व्यवस्था सामुदायिक रसोई भोजन तथा अस्पताल लाने ले जाने की निशुल्क व्यवस्था की जा रही है साथ ही हीमोफीलिया पेशेंट के लिए भी अनेक सुविधाएं उक्त संस्था द्वारा की जाती है जिसमें फैक्टर वितरण फिजियोथैरेपी की सेवा ऑर्थोपेडिक हेमेटोलॉजिस्ट डेंटिस्ट फिजियोथैरेपिस्ट एवं लैब टेस्ट एवं अन्य सेवा निशुल्क कराई जाती है उक्त संस्था जनवरी 2023 से ग्वालियर में कार्य कर रही है यह जानकारी संस्था के प्रोजेक्ट एसोसिएट नील सारस्वत काउंसलर स्वाति जैन एवं हीमोफीलिया के काउंसलर शुभम तोमर ने आज एक पत्रकार वार्ता में दी उन्होंने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि हमारी संस्था पूरे देश में 40 जिलों में काम कर रही है वही मध्य प्रदेश में ग्वालियर भोपाल में अपनी सेवाएं दे रही है उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि हमारी संस्था अपना घर के नाम से कैंसर के मरीजों एवं हीमोफीलिया के मरीजों को रहने खाने पीने अस्पताल आने-जाने डॉक्टर को ओपीडी में दिखाना दवाइयां दिलवाना इस संस्था का मुख्य उद्देश्य है यह संस्था हीमोफीलिया के मरीज के लिए समय-समय पर एक्टिविटीज का आयोजन करती है तथा हीमोफीलिया के पेशेंट को एडवांस में इंजेक्शन मुहैया कराती है उस इंजेक्शन की कीमत लगभग 10 से ड़15000 बताई जाती है इसी तारतम्य में 29 सितंबर रविवार को दाल बाजार गीता कॉलोनी स्थित अपना घर कैंपस में एक एक्टिविटीज का आयोजन किया जा रहा है जिसमें ग्वालियर के दंत चिकित्सक डॉ विवेक पाठक उपस्थित कैंसर पेशेंट को ओरल कैंसर प्रीवेंशन विषय पर प्रशिक्षण देंगे एवं 10 से 15 अक्टूबर के बीच ग्वालियर में ट्रैक्टर वितरण कैंप का आयोजन किया जाएगा उक्त संस्था द्वारा अभी तक कैंसर के 800 मरीजों को लाभान्वित किया जा चुका है वहीं हीमोफीलिया के ग्वालियर चंबल अंचल के लगभग 100 मरीजों को इंजेक्शन वितरित किया जा चुका है

## टी.आई.जितेंद्र मावई ने पिछोर थाने का संभाला पदभार।



पिछोर -- शिवपुरी पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौड़ द्वारा शिवपुरी जिले के आधा दर्जन थानों के थाना प्रभारी को प्रशासनिक स्तर पर स्थानांतरण कर इधर से उधर स्थान पर भेजा गया जिसमें पिछोर में पदस्थ टी आई रत्नेश सिंह यादव को थाना प्रभारी देहात का बनाया गया तो वहीं पिछोर के थाना प्रभारी की कमान जितेंद्र मावई को सौंपी गई। पिछोर थाना प्रभारी मावई द्वारा 27 सितंबर आज शुक्रवार को पिछोर थाने में उपस्थित होकर सभी स्टाफ के बीच पदभार ग्रहण किया।

## ग्राम नगरा पोरसा मैं एक करोड़ 75 लाख रुपए की लागत से बनाई गई बिल्डिंग की जर्जर हालत

एक साल पूर्व शिक्षा विभागको हैंड ओवर की गई बिल्डिंग हैंड ओवर तभी से जर्जर हालत खराब प्राचार्य गर सिंह सखवार ने पहले भी बरिष्ट अधिकारियों को अबगत कराया पर सरकारी अधिकारी इंजीनियर और वरिष्ठ अधिकारीयो के दवाब के कारण कोई ठोस कदम नही उठा सके ग्रामीणों का कहना है कई बार सीएम हेल्पलाइन पर भी शिकायत की गई पर अभी तक कोई



सुधार नही हुआ बही ये बिल्डिंग जर्जर हालत मैं हैं और छत से इस कदर की मानो खुले आसमान के नीचे खड़े हो इस बिल्डिंग मैं लगे पंखे और लाइट सभी खराब हो चुके हैं और जब भी बारिश होती हैं तो गर्मी और बारिश मैं बच्चो की पढ़ाई नही हो पाती क्युकी एक ही कछ मैं सभी बच्चो को बैठना पड़ता हैं साथ ही बिल्डिंग के चारो ओर से कटाव होने के कारण बिल्डिग धसक भी सकती स्कूल की बिल्डिंग मैं 400 बच्चे दर्ज है जिनका भविष्य खतरे मै हैं कल भगवान ना करे कोई बड़ा हादसा हुआ तो इसका जिम्मेदार कोन होगा वरिष्ठ अधिकारी क्यों मोन ह

# जौरा से कैलारस नवरात्रि में जायेगी मेमू ट्रेन –कैलाश मित्तल

जौरा -- प्रमुख समाजसेवी एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता कैलाश मित्तल,जौरा ने अवगत कराया कि 18 सितम्बर 2024 को रेल्वे द्वारा किये गये इंस्पेक्शन में जौरा - कैलारस के रेल्वे ट्रैक पर अति वर्षा से आई ट्रेक पर खराबी एवं ट्रेक के नीचे की मिट्टी गिरने से आई दरार की बजह से 19 सितंबर 2024 से जौरा से चलने वाली मेमू ट्रेन को आम जन की सुरक्षा को देखते हुये स्थगित किया गया था ! परंतु ट्रेन स्थगित की वास्तविकता से परे अन्य पार्टियों के लोग अपनी राजनेतिक रोटियां सेकते हुये झूंठे मनगढ़ंत बयान देकर अनर्गल प्रलाप कर रहे हैं जो सही नहीं है हमारे विश्व के सर्वाधिक लोकप्रिय यसस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी एवं विश्व की सबसे बड़ी राजनेतिक पार्टी भाजपा के नेतृत्व में देश विकास एवं प्रगति के पथ पर अग्रसर है , तथा पार्टी के सम्माननीय सभी नेता गण एवं पार्टी के निष्ठावान देव तुल्य कार्यकर्ता गण सभी देश की प्रगति एवं विकास के लिये एक जुट हैं! ट्रैक मरम्मत का कार्य वरिष्ठ टेक्निकल इंजीनियरों की देख रेख में जारी है जो सीघ्र ही ठीक होने की उम्मीद है।सुरक्षा की दृष्टि से ट्रैक पूरी तरह तैयार होने पर




रेल्वे के अधिकारियों द्वारा जौरा कैलारस के बीच ट्रेन की ट्राइल भी ली जायेगी उसके बाद ही मेमू ट्रेन चलेगी , इस प्रक्रिया में एक हफ्ते का समय लगने की उम्मीद है ! मुरैना - श्योपुर के हमारे लोकप्रिय सांसद माननीय श्री शिवमंगल सिंह तोमर जी एवं जिले के सम्माननीय वरिष्ठ नेताओं व जन प्रतिनिधिओं के साथ हमारे जनप्रिय नेता विकास के मसीहा ग्वालियर चंबल संभाग के गौरव जन जन के लाड़ले माननीय श्रीमंत महाराज ज्योतिरादित्य सिंधिया जी नवरात्रि के शुभ मुहूर्त में संभवतः 08 या 09 अकटुम्बर 2024 को रेल्वे स्टेशन जौरा पहुंच कर मेमू ट्रेन को कैलारस के लिये रवाना करेंगे तथा स्वयं भी मेमू ट्रेन में बैठकर सम्मानीय सभी नेताओं व जनप्रतिनिधियों के साथ कैलारस तक जाएंगे ! जैसा कि विदित है ,रेल्वे से संबंधित जौरा ,कैलारस ,सबलगड़ मैं आम जनता की सुविधा के लिये हमारे नेताओं की पहल पर एवँ स्थानीय नागरिकों की मांग पर रेल्वे ने अनेकों पहुंच मार्ग,पुल एवं पुलिया तथा लगभग 25 - 30 अंडर पास बनाये हैं , नागरिकों की अन्य जो भी समस्याएं होंगी उनका भी समुचित निराकरण अपने वरिष्ठ नेताओं से कह कर माननीय रेल मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव जी से कराने का हर संभव प्रयास रहेगा।

# बच्चियों के साथ यौन शोषण मामले में स्कूल प्रबंधन ,पर कार्यवाही हो : अवनीश बुंदेला

प्रदेश कांग्रेस के प्रवक्ता अवनीश बुंदेला ने कांग्रेस के प्रवक्ता साथियों के साथ पुलिस कमिश्नर कार्यालय पहुंचकर पुलिस आयुक्त को राजधानी भोपाल में स्कूलों में बच्चियों के साथ हो रही यौन शोषण की घटनाओं को लेकर स्कूल प्रबंधन के विरूद्व कानूनी कार्यवाही किये जाने को लेकर ज्ञापन सौंपा। श्री बुंदेला ने पुलिस आयुक्त को सौंपे ज्ञापन में बताया विगत दिनांक 13 सितम्बर 2024 को राजधानी भोपाल के भदभदा रोड स्थित रेडक्लिफ स्कूल में अध्ययनरत नर्सरी की छात्रा के साथ स्कूल के शिक्षक द्वारा यौन कृत्य कारित करने की घटना को अंजाम दिया गया। उक्त घटना की रिपोर्ट 14 सितम्बर 2024 को उसके अभिभावकों द्वारा कमल नगर थाने में दर्ज करायी गई। श्री बुंदेला ने कहा कि स्कूल प्रबंधन बच्चों को सुरक्षा देने के साथ-साथ अपने कर्तव्यपालन में पूरी तरह असफल है, स्कूल प्रबंधन द्वारा घटना की सूचना भी तत्परता के



साथ पुलिस को नहीं देना ज्ञात हुआ है। स्कूल प्रबंधन का कृत्य लैंगिंक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 की धारा 19/21 का स्पष्ट उल्लंघन है। श्री बुंदेला ने एक और अन्य घटना का जिक्र करते हुए बताया कि राजधानी भोपाल के कटारा हिल्स स्थित सागर पब्लिक स्कूल में कैमिस्ट्री के टीचर द्वारा दसवीं कक्षा की छात्रा के साथ यौन शोषण की घटना को अंजाम दिया गया। उक्त घटनाओं से बच्चों के अभिभावकों में भय और आक्रोश के साथ-साथ असुरक्षा की भावना व्याप्त हो रही है। उक्त घटना में आरोपी द्वारा किये गये कृत्य के साथ-साथ स्कूल प्रबंधन भी बच्चों को सुरक्षा देने में असमर्थ है। उक्त घटना के संबंध में स्कूल प्रबंधन द्वारा स्वविवेक से पुलिस को सूचित नहीं किया जाना ज्ञात हुआ है।श्री बुंदेला ने कहा कि उपरोक्त घटनाओं के संबंध में रेडक्लिफ स्कूल प्रबंधन और सागर पब्लिक स्कूल प्रबंधन के विरूद्व संज्ञान लेकर लैंगिंक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 की धारा 19/21 के तहत वैद्यानिक कार्यवाही किये जाने की मांग की है। ज्ञापन सौंपने के दौरान प्रदेश कांग्रेस के प्रवक्तागण स्वदेश शर्मा, आनंद जाट, मिथुन अहिरवार, सुश्री फरहाना खान और गोविंदपुरा विधानसभा क्षेत्र के प्रत्याशी रहे रविन्द्र साहू झूमरवाला सहित अन्य कांग्रेसजन उपस्थित थे।

# गंगभोज में शामिल होने आए युवक की बाइक हुई चोरी,पुरानी कबाड़ा गाड़ी छोड़ गये चोर



दबोह- गार्डन के बाहर से बाइक हुई चोरी, दबोह थाने में मामला दर्ज।दरअसल मामला 24 सितंबर 2024 का है,फरियादी मानवेन्द्र पाल पुत्र लाखन पाल उम्र 35 वर्ष निवासी अमरोख थाना पूंछ जिला झांसी ऊप्र ने थाना पुलिस दबोह को बताया कि बीते रोज दबोह निवासी मेरे मामा का स्वर्गवास हो गया था जिसके चलते मैं 24 सितंबर को आयोजित त्रियोदशी कार्यक्रम शामिल होने आया था।फरियादी ने बताया कि रात्रि करीब 8÷30 बजे के आस पास की बात है जब मैं मंगलम गार्डन में अपनी मोटरसाइकिल आई स्मार्ट क्र937622 से आया था।गाड़ी मैने मंगलम गार्डन के गेट के सामने खड़ी करदी और अपने अन्य रिश्तेदारों के साथ अंदर चले गए फिर करीब 25-30 मिनट बाद खाना खाकर बाहर आये तो फरियादी ने देखा कि बाहर खड़ी उसकी मोटरसाइकिल मौके पर नही थी।जिसके बाद फरियादी ने मोटरसाइकिल को आस पास तलाश किया परन्तु दिनांक 25 सितंबर तक मोटरसाइकिल का कोई पता नही चला।जिसके बाद फरियादी ने थाना दबोह में अज्ञात चोरों के खिलाफ थाने में मामला दर्ज कराया।फरियादी की मोटरसाइकिल चोरी कर पुरानी बाइक छोड़ गए चोरफरियादी मानवेन्द्र पाल ने बताया कि जब मैं बाहर आया तो मेरी बाइक की जगह एक काफी पुरानी गाड़ी खड़ी थी,जिस पर यूपी का नम्बर लिखा हुआ है।मौके पर पूछताछ की तो वह गाड़ी किसी की भी नही पाई गई,जिसको थाना पुलिस दबोह में जप्त कर लिया है।फरियादी ने बताया कि चोर मेरी गाड़ी ले गए और अपनी पुरानी खराब गाड़ी छोड़ गए,जिससे यह भी अंदाजा लगाया जा सकता है कि चोरों द्वारा मौके पर छोड़ी गई गाड़ी भी चोरी की हो सकती है।नगर में बड़ रहा चोरियों का ग्राफ,पुलिस की पकड़ से कोसो दूर चोरआपको बता दें कि नगर दबोह में लगातार चोरियों का ग्राफ बड़ता जा रहा है पर चोर पुलिस की पकड़ से कोसो दूर नजर आ रहे हैं।क्योंकि बीते कुछ माह पहले नगर में कई चोरियां हो चुकी हैं पर अब तक दबोह पुलिस चोरों को नही पकड़ पाई है।तो वहीं 09 सितंबर को चोरों ने दिन दहाड़े चोरी कर दबोह पुलिस को खुली चुनौती दी थी जिसका सुराग भी अब तक नही लग पाया,इससे साफ जाहिर होता है कि चोरों को दबोह पुलिस का कोई खौफ नही है।

# वैश्य मेले मे तीन दिवसीय महिलाओ ओर बच्चों के लिए प्रतियोगिता होगी आयोजित

**वीनस वैश्य मेला 4-5-6 अक्टूबर के पोस्टर का विमोचन किया गया।**

**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान** ग्वालियर - वैश्य महा सम्मेलन महिला इकाई जिला ग्वालियर एवं जेसी आई ग्वालियर ग्लोबल के संयुक्त में मधुवन नवसो गरबा डांडिया रास महोत्सव एवं वीनस वैश्य मेला का भव्य 4-5-6 अक्टूबर 2024 को माधव डिस्पेंसरी के सामने स्थित जैन छात्रावास में आयोजित होगा। इस मेले में तीन दिवसीय विभिन्न प्रतियोगिता महिला और बच्चो के लिए रखी गई है।इस मेले के प्रोग्राम की जानकारी ज्योति बंसल अध्यक्ष एवं अनिल जैन प्रदेश महामंत्री, मुकेश अग्रवाल प्रदेश उपाध्यक्ष, महेश गर्ग संभागीय अध्यक्ष ने बताया कि 04 ओर 05 अक्टूबर को महिलाएं ओर बच्चों के लिए अनेक प्रतियोगिताये आयोजित की जा रही हे। वही जिला अध्यक्ष मुख्य इकाई राजेश जैन बंटी, समता जैन, साधना गुप्ता, रीता गर्ग ओर पिंकी बंसल ने बताया की प्रतियोगिता में प्रथम दिन शुक्रवार 04 अक्टूबर महिलाओ के लिए व्यंजन प्रतियोगिता ब्रेड के नमकीन व्यंजन ओर मीठा हलवा समय-- 2.30 से 3.30 बजे रहेगी। जिसमे दोनों व्यंजन घर से भी बना कर ला सकते हे। मुख्य संयोजिका ज्योति गुप्ता ने बताया की प्रतियोगिता मे भाग लेने के लिए इंट्री फॉर्म रखे हे जो जैन छात्रावास पर रोजाना दिन मे 4.00 बजे से 6.00 बजे तक आकर ले सकते हे सभी प्रतियोगिताएं जैन छात्रावास, माधव डिस्पेंसरी के सामने ग्वालियर राखी गई है आयोजको का निर्णय अंतिम होगा सभी प्रतियोगितायो के पुरुस्कार वितरण होगे।

## बेटी बचाओ बेटी पड़ाओ योजनांतर्गत चयनित पोहरी विकासखंड की 10 ग्राम पंचायतों में प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न

शिवपुरी कलेक्टर रवींद्र कुमार चौधरी के निर्देशन एवं



प्रभारी जिला कार्यक्रम अधिकारी महेंद्र सिंह अम्ब के मार्गदर्शन में बेटी बचाओ बेटी पड़ाओ योजना अंतर्गत चयनित पोहरी विकासखंड की 10 ग्राम पंचायतों में महिला एवं बाल हितेषी बनाए जाने हेतु आज शुक्रवार को जनपद पंचायत सभाकक्ष पोहरी में चयनित पंचायतों के सरपंच, उप सरपंच, सेक्रेटरी एवं रोजगार सहायक का एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।कार्यक्रम में बेटी बचाओ बेटी पड़ाओ के तहत चयनित 10 पंचायत के संबंधित लोग उपस्थित हुए। प्रशिक्षण में ममता संस्था की जिला समन्वयक कल्पना रायजादा द्वारा महिलाओं और बच्चों से जुड़े कानून एवं बाल हिंसा बाल अधिकार बाल संरक्षण जेंडर आदि के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। साथ-साथ किसी भी पंचायत को महिला एवं बाल हितेषी किस प्रकार बनाया जा सकता है या इस हेतु क्या प्रयास किया जा सकते हैं, पर चर्चा की गई। चर्चा के दौरान जिला समन्वयक ममता संस्था कल्पना द्वारा प्रतिभागियों के प्रश्नों का उत्तर दिया गया। प्रशिक्षण में महिला बाल विकास पर्यवेक्षक विनीता भार्गव द्वारा महिला बाल विकास की कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। इस अवसर पर पंचायत इंस्पेक्टर भी उपस्थित रहे। चयनित महिला एवं बाल हितेषी पंचायतों में मढखेड़ा, पिपरधार, झिरी, रैय्यान, परीक्षा अहीर, बमरा, देवरीखुर्द, भौराना, देवरीकला, भटनावर रही।

## अ. भा. पुलक जन चेतन मंच का परिवार का 27 वां राष्ट्रीय अधिवेशन केसरिया जी उदयपुर में 29 सितंबर को होगा आयोजन

### ग्वालियर से पुलक मंच की शाखाएं राष्ट्रीय अधिवेशन समारोह में होगी सम्मिलित होगी।

ग्वालियर-अखिल भारतीय पुलक जन चेतना मंच एवं राष्ट्रीय जैन महिला जागृति मंच का 27 वां राष्ट्रीय अधिवेशन समारोह परमपूज्य भारत गौरव आचार्यश्री पुलक सागर महाराज के सानिध्य में 29 सितंबर को उदयपुर स्थित जैन तीर्थ ऋषभदेव केशरियाजी में राष्ट्रीय पदाधिकारीयों के द्वार जैन ध्वजारोहण कर शुभारंभ हुआ के साथ किया जाएगा।जैन समाज के प्रवक्ता सचिन जैन (आदर्श कलम) ने बताया कि अधिवेशन में आचार्यश्री पुलक सागरबजी महाराज के सानिध्य में अधिवेशन समारोह में भारत में विस्तारित शाखाओं के हजारों सदस्य भाग लेगे। सभी शाखाओं के सालभर के कार्यों के मूल्यांकन के आधार पर अवार्ड प्रदान किए जायेगे। साथ ही बेस्ट शाखा अध्यक्ष, बेस्ट शाखा मंत्री अवार्ड भी दिए जायेंगे। गुरूदेव के सानिध्य में होने वाले इस महा अधिवेशन में सम्मिलित होने लिए ग्वालियर मंच परिवार के पदाधिकारी एवं सदस्यगण 28 सितंबर को रेल, बस एवं अपने निजी वाहनों से जैन तीर्थ केंशरिया जी उदयपुर के लिए रवाना होगे। जैन समाज के प्रवक्ता सचिन जैन ''आदर्श कलम'' ने बताया कि ग्वालियर की पुलक जन चेतन मंच एवं राष्ट्रीय जैन महिला जाग्रति मंच की शाखाएं ग्वालियर से संयुक्त रूप से राष्ट्रीय अधिवेशन में भागीदारी करेंगें। जिसमें वर्षभर में किए गए मानव सेवा कार्य का लेखा जोखा प्रतुस्त किया जायेगा। अधिवेशन में कई देशभर से शाखा ओ के 2000 मेम्बर पहुचेगे।

# स्वदेशी जागरण मंच द्वारा हुआ स्वावलंबी भारत अभियान को लेकर जे. सी. मिल कॉलेज में उद्यमिता प्रोत्साहन सम्मेलन कार्यक्रम का आयोजन





**महेंद्र शर्मा उप संपादक पुष्पांजलि टुडे**

ग्वालियर। जिले के जे. सी. मिल कॉलेज में उद्यमिता प्रोत्साहन सम्मेलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया, कार्यक्रम की अध्यक्षता-श्रीमती अंजू श्रीवास्तव जी (कॉलेज की प्रोफ़ेसर) द्वारा की गई , कार्यक्रम की भूमिका श्री देवेश थापक जी (स्वदेशी जागरण मंच ग्वालियर ज़िले के संयोजक ) के द्वारा रखी गई ,कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में श्री लोकेन्द्र सिंह राजपूत (स्वदेशी जागरण मंच ग्वालियर जिले के सह संयोजक) जी उपस्थित रहे , कार्यक्रम का संचालन श्री धर्मेंद्र सिकरवार जी नगर संयोजक हजीरा द्वारा किया गया,कॉलेज के विद्यार्थी द्वारा किए जा रहे स्वरोजगार के लिए सभी विद्यार्थियों के समक्ष सम्मानित किया गया साथ हीं कार्यक्रम में कॉलेज के शिक्षक एवं विद्यार्थीगण उपस्थित रहे।वहीं दूसरे शासकीय विद्यालय में उद्यमिता प्रोत्साहन कार्यक्रम शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बालक पागनबीसी ग्वालियर में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्राचार्य श्री संजय निगम जी और मुख्य वक्ता के रूप में उच्च माध्यमिक शिक्षक श्री बृजेश शुक्ला ने बच्चों को उद्यमिता विकास एवं स्वरोजगार के बारे में बताया और उन्हें एलइडी अगरबत्ती धूपबत्ती मशरूम चौक आदि के प्रशिक्षण के बारे में बताया । जिससे वह शिक्षा के साथ-साथ स्किल डेवलपमेंट एवं स्वरोजगार को भी ग्रहण कर सकते हैं ।इससे देश भी समृद्ध होगा।

# ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने की जनसुनवाई बहुत सी समस्याओं का मौके पर ही कराया निराकरण मोबाइल फोन से भी अधिकारियों से चर्चा कर कराया समस्याओं का समाधान





**महेंद्र शर्मा उप संपादक पुष्पांजलि टुडे**

ग्वालियर / हर पात्र व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुँचाने और लोगों की समस्याओं के त्वरित समाधान करने की सरकार की अवधारणा के अनुरूप ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने शनिवार को जन-सुनवाई की। उन्होंने रेसकोर्स रोड स्थित अपने कार्यालय पर जनसुनवाई कर मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी, खाद्य, नगर निगम, स्वास्थ्य आदि विभागों के अधिकारियों के माध्यम से लोगों की समस्याओं का त्वरित निराकरण कराया। ऊर्ज मंत्री श्री तोमर ने जन-सुनवाई में तकनीकी कारणों से निराकरण से शेष रहीं समस्याओं का समयबद्ध कार्यक्रम के तहत निराकरण करने के निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिए। इस अवसर पर उन्होंने जरुरतमंद महिलाओं को तत्काल राशन दिलाने और पात्र वृद्धजनों को वृद्धावस्था पेंशन स्वीकृत करने तथा निःशुल्क इलाज के लिए आयुष्मान कार्ड बनवाने के निर्देश भी दिए।जन-सुनवाई में पहुँचे लोगों को ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने आश्वस्त किया कि उनकी समस्याओं का समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित कराया जाएगा। साथ ही कहा मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशा के अनुरूप अंतिम छोर के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुँचाने के लिये प्रदेश सरकार कृत संकल्पित है। इसी भाव के साथ उपनगर ग्वालियर में हर शनिवार को जन-सुनवाई का आयोजन किया जा रहा है। ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने जन-सुनवाई में पहुँचे लोगों के नजदीक पहुँचकर और एक-एक कर सभी की समस्याएँ सुनीं। उन्होंने बहुत सी समस्याओं का मौके पर निराकरण कराया तो कुछ समस्याओं के निराकरण के निर्देश मोबाइल फोन से भी संबंधित अधिकारियों को दिए। साथ ही अधिकारियों को आगाह किया कि समस्याओं के निराकरण में किसी भी सूरत में ढ़िलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

अब हर मोहल्ले में करेंगे जनसुनवाई-ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने बताया कि सरकार की मंशा है कि आमजन को उनके घर की चौखट पर समस्याओं का समाधान मिले। इसके लिए अगले शनिवार से उपनगर ग्वालियर के हर मोहल्ले की चौपाल पर पहुंच कर न केवल जन सुनवाई के जरिए जन समस्याओं का समाधान किया जायेगा। साथ ही सम्बन्धित मोहल्ले की स्वास्थ्य, पानी, बिजली, सीवर, सड़क जैसी आवश्यक सेवाओं को और मजबूत करने के पुख्ता इंतजाम भी किए जायेंगे।

# एवीटाज फाउण्डेशन द्वारा स्वच्छता प्रदर्शनी लगाकर सूखा कचरा और गीला कचरा के संबंधित जानकारी दी स्वच्छता ही सेवा

**पुष्पांजली टुडे**

ग्वालियर नगर निगम एवं एवीटाज फाउण्डेशन द्वारा चलाये जा रहे स्वच्छता ही सेवा अभियान, शासकीय माध्यमिक कन्या विद्यालय जीवाजीगंज निम्बाजी की खो वार्ड क्रमांक 37 में छात्र-छात्राओं के बीच एवीटाज फाउण्डेशन द्वारा स्वच्छता प्रदर्शनी लगाकर सूखा कचरा और गीला कचरा के संबंधित जानकारी दी एवं छात्र-छात्राओं द्वारा स्कूल परिसर में एकत्रित होकर गीला कचरा और सूखा कचरा अलग अलग कर श्रमदान कर सफाई की सीनियर छात्राओं द्वारा अपने जूनियर छात्राओं को हाथ कैसे धोये, डेमो द्वारा बताये गये



जिससे हम डायरिया से बच सके,संस्था कार्यकर्ताओं, द्वारा उपस्थित छात्राओं को डेगू मलेरिया से बचाव हेतु सावधानियों को बताया गया है। संस्था कार्यकर्ताओं द्वारा ग्वालियर को स्वच्छ सर्वेक्षण में प्रथम आने हेतु सभी छात्र-छात्राओं को शहर स्वच्छ रखने हेतु शपथ दिलायी गयी। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाअध्यापक श्रीमती भारतीय नारवानी सहित अन्य स्टॉफ वीरेन्द्र प्रसाद शर्मा सहायक शिक्षक, बबीता राठौर माध्यमिक शिक्षक रजनी बूंदी वाले, संगीता तोमर, दामोदर प्रसाद शर्मा आदि प्राथमिक शिक्षक उपस्थित थे।

## व्यक्ति जिंदगी के आखिरी पल तक कुछ ना कुछ सीखता है -अंशुल गुप्ता

# जनसंपर्क विभाग द्वारा आयोजित की गई सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर कार्यशाला विषय विशेषज्ञों द्वारा सोशल मीडिया के बारे में दी गई जानकारियां






**रीतेश अवस्थी पुष्पांजली टुडे**

सागर। सोशल मीडिया समाज-शासन को जोड़ने में सेतु का कार्य करता हैं। सोशल मीडिया का उपयोग समाज हित में किया जाए। उक्त विचार जनसंपर्क संचालनालय भोपाल के संचालक अंशुल गुप्ता ने विभाग द्वारा आयोजित सागर संभाग की सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर कार्यशाला में व्यक्त किए। इस अवसर पर अपर संचालक संजय जैन, प्रभारी उप संचालक एवं सोशल मीडिया के प्रदेश प्रभारी सुनील वर्मा, श्रीमती सौम्या समैया सागर, जिला जनसंपर्क अधिकारी दमोह यासिक कुरैशी, सुश्री हिमांशी बजाज छतरपुर, देवेंद्र सिंह पन्ना, मनोज नेमा सागर सहित संभाग के समस्त जिलों से आए सोशल मीडिया हैंडलर, इनफ्लुएंसर और मध्यप्रदेश सोशल मीडिया सहायक मौजूद थे। कार्यशाला में संचालक अंशुल गुप्ता ने कहा सोशल मीडिया के माध्यम से आप घर बैठे देश-विदेश के व्यक्तियों एवं आमजन के हित की शासन की योजनाओं के बारे में जान सकते हैं। योजनाओं के माध्यम से आगे बढ़ सकते हैं। गुप्ता ने कहा सोशल मीडिया का उपयोग हम सब पूरे दिन भर करते हैं। हमें सोशल मीडिया का उपयोग लाभ लेने के लिए एवं हितकारी योजनाओं की जानकारी के लिए करना चाहिए, जिससे कि हम जानकारी प्राप्त कर आगे बढ़ सकें। गुप्ता ने कहा कि सोशल मीडिया का पूरी वैधानिकता के साथ उपयोग करना चाहिए, जिससे कि किसी भी जानकारी के माध्यम से समाज को, शासन को नुकसान ना हो। उन्होंने कहा कि व्यक्ति जिंदगी के आखिरी पल तक कुछ ना कुछ सीखता है और हमें यह सीखने की प्रवृत्ति हमेशा बनाए रहना होगी।

### इन विषयों के बारे में दी गई जानकारी

-कार्यशाला में विषय विशेषज्ञ सर्वेश पंचोली द्वारा सोशल मीडिया का परिचय और संभावनाएं, सोशल मीडिया के प्लेटफार्म्स का परिचय, डिजिटल इनफ्लुएंसर बनने की संभावनाएं, सोशल मीडिया का प्रभाव, ग्रोथ स्ट्रेटजी, फॉलोअर्स बढ़ाने की रणनीति, कंटेंट प्लानिंग, कैप्शन राइटिंग, हैशटैग्स और एल्गोरिदम के बारे में जानकारी दी गई।इसी तरह से सोशल मीडिया नियम और शर्तें, कॉपीराइट, प्राइवेसी, गाइडलाइन्स, प्रमोशन के लिए आवश्यक नियमों के बारे विशेषज्ञ शुभम वर्मा द्वारा बताया गया। प्रभावी कंटेंट निर्माण विभिन्न प्रकार के कंटेंट निर्माण ,रील्स, शॉर्ट्स और स्टोरीज के उपयोग के बारे में सतीश कुशवाह के द्वारा जानकारी दी गई। वीडियो एडिटिंग, ग्राफिक डिजाइनिंग, स्क्रिप्ट राइटिंग के बारे में इरशाद अहमद जैदी द्वारा जानकारी दी गई।इस अवसर पर दमोह से सुदीप्ति खरे, स्वेता श्रीवास्तव, रोहित ठाकुर, विशाल ठाकुर, रीतेश अवस्थी कि विशेष उपस्थिति रही।

# विकासखंड शिक्षा अधिकारी सिद्धांत बागड़े की शिक्षा को लेकर ताबड़तोड़ कार्यवाही



### विकासखंड गोटेगांव में लापरवाही बरतने वाले शिक्षकों पर गिर रही बागड़े की गाज

### गोटेगांव में विकासखंड शिक्षा अधिकारी बन रहे चर्चा का विषय

गोटेगांव - विगत दिवस जहां शिक्षा को लेकर प्रशासन अलर्ट हो रहा है वही गोटेगांव नगर के विकासखंड शिक्षा अधिकारी सिद्धांत बागड़े द्वारा विभिन्न स्कूलों में अचानक औचक निरीक्षण करने पर शाला की गतिविधियों में लापरवाही बरतने पर कार्यवाही की जा रही है कुछ माह पहले गोटेगांव खेड़ा में भी कार्यवाही की इससे लापरवाही बरतने वाले शिक्षकों पर गाज सी गिर रही है वही इसी प्रकार विकासखंड शिक्षा अधिकारी सिद्धांत वागड़े द्वारा गोटेगांव नगर के समीपवर्ती ग्राम चादनखेड़ा मैं औचिक निरीक्षण किया जहां पर अधिकारी द्वारा नो शिक्षक कर्मचारियों पर कार्यवाही की जिसमें प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया गया कि शुक्रवार को 10.52 बजे पूर्वान्ह में शास0 उ0मा0 विद्या0 चांदनखेड़ा डाइज कोड 23400316504 का औचक निरीक्षण किया गया ।निरीक्षण के दौरान प्रभारी प्राचार्य चंद्रभान मेहरा, रविशंकर ठाकुर , रामकुमार रजक नृत्य, ओमप्रकाश अवधिया , रविशंकर गुप्ता , चतुरसिंह कोरी , सुखराम चौधरी भृत्य, रमाकांत गुप्ता अतिथि शिक्षक हिन्दी, दिपेन्द्र कस्तवार रसायन शास्त्र, अनिल रजक अतिथि शिक्षक गणित उपस्थित मिले ।एवं निम्न शिक्षक एवं कर्मचारी बगैर पूर्व सूचना के स्वैच्छिक अनुपस्थित पाये गये

# विजयपुर क्षेत्र के प्रसिद्ध छिमछिमा हनुमान मंदिर चोरी का पुलिस ने किया खुलासा! आरोपीयों पर था दस हजार रुपये का इनाम




*** अंतराजीय चोर गिरोह का था कारनामा! पुलिस की लगातार सक्रियता और तत्परता से हुआ खुलासा!**

*** गुना सहित अन्य स्थानों पर भी दे चुके हैं घटना को अंजाम! दाल बेचने के बहाने करते थे रैकी**

*** पुलिस टीम ने आरोपियों को रावतभाटा चितौड़गढ़ राजस्थान से दबोचा!**

*** रमेश उर्फ शंकर नाथ एवं बाबूलाल कालबेलिया गुना जेल में है बंद!**

श्योपुर! पुलिस अधीक्षक श्री वीरेंद्र जैन के कुशल मार्गदर्शन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री सतेंद्र सिंह तोमर के निर्देशन में श्योपुर पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है जहां थाना विजयपुर के प्रसिद्ध चिमचिमा अनुमान मंदिर में हुई चोरी की घटना को अंजाम देने वाली अंतराजीय गैंग का खुलासा करने में सफलता प्राप्त की गई है!

घटनाक्रम - थाना विजयपुर क्षेत्र के प्रसिद्ध छिमछिमा हनुमान मंदिर में दिनांक 30.7.2024 - 31.07.24 कि दरमियानी रात में अज्ञात चोरों द्वारा मंदिर में घुसकर चांदी के जेवर मुकुट आदि वजनी करीब 5 किलो की चोरी की गई थी जिस पर से थाना विजयपुर में अपराध क्रमांक 211/2024 धारा 305, 331(4) बीएनएस का पंजीबद कर विवेचना में लिया गया था!

उक्त छिमछिमा हनुमान मंदिर की सिद्ध पीठ होने से एवं लोगों की आस्था का केंद्र होने से क्षेत्र में सनसनी फैली गई थी! मामला धार्मिक आस्था से जुड़ा होने से घटना के तत्काल बाद श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय श्योपुर द्वारा घटना स्थल का मौका मुआयना कर चोरी गए माल एवं अज्ञात चोरों की तलाश पतारसी हेतु विशेष टीम गठित कर अति शीघ्र मामले का खुलासा करने हेतु निर्देशित किया गया था! श्रीमान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्योपुर एवं एसडीओपी विजयपुर श्री पी.एन. गोयल के निर्देशन में गठित टीम द्वारा तकनीकी साक्ष्य संकलित किए गए एवं घटना की पतारसी हेतु मुखबिर सक्रिय किए गए!

पुलिस की सक्रियता- मुखबिर द्वारा बताया गया की घटना के समय शिवपुरी जिले के धोलागढ़ फाटक के पास घटना से पहले बाहरी लोगों के डेरे लगे हुए थे जो घटना के तुरंत बाद ही वहां से चले गए हैं एवं मुखबिर द्वारा बताया गया कि उक्त डेरे के लोग अक्सर विजयपुर क्षेत्र में घटना से पहले घूमते दिखे थे जिला शिवपुरी स्थित धोलागढ़ फाटक पहुंचकर आसपास के क्षेत्र में उनकी तलाश किया तो उनके पास में संचालित एक ढाबा से उनके बारे में जानकारी प्राप्त हुई प्राप्त जानकारी के आधार पर संदेहियों को चिन्हित कर उनकी तलाशी हेतु पुलिस टीम में राजस्थान रवाना की गई!

दिनांक 26.09.2024 को रावतभाटा चितौड़गढ़ राजस्थान से संदेही किशन पुत्र जगदीश कालबेलिया को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की गई तो उसने जीजा बाबूलाल कालबेलिया करन कालबेलिया निवासी गड़ बंदा जागीर थाना कामखेड़ा झालावाड़ राजस्थान एवं रमेश उर्फ शंकर नाथ (कालबेलिया )निवासी मुंदेरी थाना मंड़ावर जिला झालावाड़ राजस्थान के साथ मिलकर घटना को अंजाम देना स्वीकार किया!

किशन द्वारा बताया गया कि रमेश नाथ जो धोलागढ़ फाटक दबे के पास थाना सुभाषपुरा जिला शिवपुरी में अपना डेरा लगाए हुए था वह दाल बेचने के बहाने प्रसिद्ध मंदिरों को चिन्हित कर रैकी करता था !रैकी करने के बाद हम लोगों को बुलाता था फिर हम लोग मिलकर घटना को अंजाम देते थे! पुलिस ने जिला शिवपुरी स्थित धोलागढ़ फाटक के पास ढाबा संचालक से भी पूछताछ की तो उसने किशन,रमेश, बाबूलाल और करण को पहचानना बताया!

पूछताछ में ज्ञात हुआ कि दिनांक 21.07. 2024 से25.07.2024 तक रमेश एवं बाबूलाल ने छिमछिमा मंदिर गोपालपुरा क्षेत्र में रैकी की एवं दिनांक 30.07. 2024 की रात को छिमछिमा मंदिर में चोरी कर आरोपी गण वापस अपने गांव रावतभाटा राजस्थान चले गये !

आरोपी गणों द्वारा 25.08.2024 को रैकी करने के बाद गुना के प्रसिद्ध टेकरी मंदिर में चोरी की घटना को अंजाम दिया गया जिसके बाद गुना पुलिस द्वारा रमेश एवं बाबूलाल को गिरफ्तार किया गया था तब से उक्त दोनों आरोपी गण जेल में बंद है!

आरोपी की निशानदेही पर चोरी गया मशरूका गले का हर एवं पैरों के कड़े जप्त किए गए हैं एवं अन्य शातिर बदमाश आरोपी गण घटना दिनांक से फरार है जिन्हें पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार करने का लगातार टीम प्रयास जारी है!

बरामद मसरूका- गले का हर एवं पैरों के कड़े!

सराहनीय भूमिका - विजयपुर थाना प्रभारी निरीक्षक पप्पू यादव, उनि. दिनेश राजपूत. उनि. महेंद्र धाकड़. उनि. रवि कुशवाह उनि. रामनिवास नागर. सउनि. सुखवीर प्रधान आरक्षक. संजय द्विवेदी आरक्षक. राज बल्लभ आरक्षक. शिवकुमार तोमर आरक्षक. बरसाने लाल पांडे आरक्षक.गिरवर आरक्षक. रामब्रज आरक्षक दिलीप!

# मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

बैतूल। आदिवासी बाहुल्य जिला बैतूल में दर्जनों ग्राम आज भी मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं, जिनकी सुध लेने वाला कोई नहीं है। यहां ग्रामीण सुविधाओं के लिए वर्षो से सिर्फ मांग कर रहे हैं, लेकिन इनकी मांगों को जमीनी स्तर पर नहीं उतरा जा रहा है। जिसके कारण वनांचलों के ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जिले के कई ग्राम मुख्यालय से कटे हुए हैं, जहां ग्राम तक पहुंचने के लिए पक्की सड़क का भी अभाव है, जिसके कारण बारिश के चार माह इनके लिए वनवास से कम नहीं रहते है। आवागमन में यहां के लोगों को काफी परेशानी होती है। ग्रामीणों को हो रही परेशानियों को देखते हुए जनपद पंचायत भीमपुर के जनपद सदस्य पप्पू काकोडिया ने मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर श्री नरेंद्र कुमार सूर्यवंशी को ज्ञापन सौंपकर क्षेत्र में सड़क एवं पुलिया निर्माण किए जाने की मांग है। ज्ञापन के माध्यम से मांग की है कि जनपद पंचायत भीमपुर की ग्राम पंचायत पलासपानी के कोहकाढाना में 400 मीटर सीसी रोड मुख्य मार्ग पर स्वीकृत किया जाए। ग्राम पंचायत पलासपानी के मह?ढाना से बैरागड़ तक 2 किलोमीटर मीटर सीसी निर्माण कार्य किया जाए। ग्राम पंचायत पलासपानी से गुरवाबाबा बैरागड़ में 400 मीटर सीसी रोड निर्माण किया जाए। ग्राम पंचायत भीमपुर के छिंदीखापा में 400 मीटर सीसी रोड स्वीकृत किया जाए

## शिविर सूचना

जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र, ग्वालियर , जयारोग्य चिकित्सालय परिसर, कंपू पर सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा 29 सितंबर 2024 दिन- रविवार को प्रातः 10ः00 बजे से वयोश्री योजना का शिविर आयोजित किया जा रहा है। उक्त शिविर में वरिष्ठ नागरिकों को सहायक उपकरण प्रदाय किए जाने के लिए चयन किया जाएगा। ऐसे वरिष्ठ नागरिक जिन्हें वॉकर, छड़ी, कान की मशीन आदि उपकरणों की आवश्यकता है।, तो वे उक्त शिविर में पहुंचकर लाभ ले सकते हैं। शिविर में आवश्यक दस्तावेजों में आधार की दो फोटोकॉपी एवं समग्र आईडी की दो फोटोकॉपी तथा दो पासपोर्ट साइज फोटो लेकर पहुंचना होगा।

वयोश्री योजना के तहत यह पहला शिविर जिले में आयोजित किया जा रहा है। अतः ज्यादा से ज्यादा लोग इसका लाभ ले सकें, ऐसा हम सभी का प्रयास हो।

निवेदक
मोहन सिंह राठौर
विधायक
18 भितरवार विधानसभा

# निश्चेतना विशेषज्ञों के राज्य स्तरीय वार्षिक सम्मेलन का उप मुख्यमंत्री ने किया शुभारंभ

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

रीवा। उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा है कि जटिल ऑपरेशन प्रक्रिया में निश्चेतना के क्षेत्र में हुई प्रगति कारगर सिद्ध होगी। रीवा में आयोजित होने वाले निश्चेतना विशेषज्ञों के राज्य स्तरीय वार्षिक सम्मेलन में देश-विदेश के विशेषज्ञों द्वारा आपस में विचार विमर्श के उपरांत जो परिणाम आएंगे वह न केवल शोध के क्षेत्र में अपितु मरीजों के उत्तम चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने में भी मददगार होंगे। उप मुख्यमंत्री ने श्यामशाह चिकित्सा महाविद्यालय के सभागार में इंडियन सोसायटी आफ एनेस्थेशियोलाजिस्ट्स की 38वें वार्षिक राज्य स्तरीय निश्चेतना विशेषज्ञों की कांफ्रेंस का शुभारंभ किया। उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि इस कार्यशाला में देश-विदेश के निश्चेतना विशेषज्ञों द्वारा क्रिटिकल केयर, वेंटिलेटर एवं दर्द रहित चिकित्सा से जु? विभिन्न आयामों पर चर्चा होगी जो असहनीय बीमारी में होने वाले दर्द को कम करने




की पद्धतियों में चिकित्सकों के लिए वरदान साबित होगी। उन्होंने कहा कि रीवा में सुपर स्पेशलिटी अस्पताल के साथ ही अन्य चिकित्सा संस्थानों में कार्यरत चिकित्सकों के लिए यह कार्यशाला काफी कुछ सीखने व नई पद्धति से अवगत होने में सहायक होगी और मरीजों को भी इसका लाभ मिलेगा। उन्होंने देश और विदेश से आए चिकित्सा विशेषज्ञों का रीवा में स्वागत किया और अपेक्षा की कि यह आयोजन चिकित्सा क्षेत्र में मील का पत्थर साबित होगा। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने देश-विदेश से आए निश्चेतना विशेषज्ञों का सम्मान किया। उन्होंने इस अवसर पर स्मारिका का भी विमोचन किया।कार्यशाला में डीन मेडिकल कालेज डॉ सुनील अग्रवाल ने कहा कि निश्चेतना विशेषज्ञों के राज्य स्तरीय सम्मेलन में देश-विदेश के विशेषज्ञों द्वारा निश्चेतना के क्षेत्र में नई प्रगति व खोज तथा इलाज की विधियों से रीवा के चिकित्सकों को लाभ मिलेगा। उन्होंने बताया कि मरीज के वेंटिलेटर को मैनेज करने तथा बीमारी में दर्द को कम करने वाली पद्धति से भी चिकित्सक अवगत होंगे। डॉ अवतार सिंह ने कार्यक्रम के आयोजन के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कार्यशाला में रीवा के चिकित्सकों द्वारा शोधपत्रों का प्रस्तुतिकरण भी किया जाएगा। इस अवसर पर अध्यक्ष नगर निगम व्यंकटेश पाण्डेय, संचालक चिकित्सा शिक्षा डॉ अरूण श्रीवास्तव, अधीक्षक संजय गांधी हास्पिटल राहुल मिश्रा, अधीक्षक सुपर स्पेशलिटी हास्पिटल अक्षय श्रीवास्तव सहित देश-विदेश से आए निश्चेतना विशेषज्ञ तथा चिकित्सक उपस्थित रहे।

# गोविन्दगढ़ पुलिस की बड़ी कार्यवाही NDPS ACT के मामले में एक साल से फरार 8000 हजार का इनामी आरोपी गिरफ्तार

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

रीवा।पुलिस अधीक्षक रीवा श्री विवेक सिंह,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री अनिल सोनकर,डीएसपी मुख्यालय श्रीमति हिमाली पाठक के मार्गदर्शन में गोविन्दगढ़ थाना प्रभारी शिवा अग्रवाल को स्टाफ सहित मिली बड़ी सफलता 1000 शीशी कोरेक्स के जब्ती के मामले में 8000 हजार के इनामी एक साल से फरार आरोपी को दो अलग-अलग मामलों में किया गिरफ्तार थाना गोविंदगढ़ में अपराध क्रमांक 234/23 ,309/23, धारा 8/21,22 NDPS, 5/13 औषधि अधिनियम के तहत आरोपी विनायक सिंह पिता रितुराज सिंह 25 साल नि.वार्ड 12 गोबिंदगढ़ थाना गोविंदगढ़ पर दर्ज कर विवेचना में लिया गया था जो उक्त आरोपी मामले में लगातार फरार चल रहा था मुखबिर




की सूचना पर थाना गोविंदगढ़ की पुलिस आरोपी को गिरफ्तार कर आरोपी को न्यायालय पेश किया गया जाहा से आरोपी को जेल भेज दिया गया .कार्यवाही में मुख्य भूमिका थाना प्रभारी शिवा अग्रवाल , प्रआर केमला प्रजापति आर.विपिन सिंह, आर.राहुल पाण्डेय आर.उपेन्द्र सिंह बघेल,आर.कौशलेंद्र सिंह आर. दिवाकर तिवारी सै. सुधाकर मिश्रा

# हर सप्ताह छात्रावास तथा उचित मूल्य दुकान का निरीक्षण करने के निर्देश



रीवा। कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने कहा है कि सभी एसडीएम तथा तहसीलदार नियमित रूप से क्षेत्र का भ्रमण करें। भ्रमण के दौरान सप्ताह में कम से कम एक उचित मूल्य दुकान एवं एक छात्रावास का अनिवार्य रूप से निरीक्षण करके प्रतिवेदन प्रस्तुत करें। उचित मूल्य दुकानों के निरीक्षण के समय खाद्यान्न के उठाव तथा वितरण एवं दुकान में भण्डारित खाद्यान्न का सत्यापन करें। राशन कार्डधारियों से भी खाद्यान्न वितरण के संबंध में फीडबैक लें। खाद्यान्न वितरण में किसी भी तरह की कमी पाए जाने पर कड़ी कार्यवाही करें। कलेक्टर ने कहा कि एसडीएम हर सप्ताह एक उचित मूल्य दुकान तथा एक छात्रावास का निरीक्षण करें। तहसीलदार दो उचित मूल्य दुकानों तथा दो छात्रावासों का निरीक्षण करें। निरीक्षण के दौरान छात्रावास में पेयजल व्यवस्था, भोजन तथा आवास की व्यवस्था की पूरी जानकारी लें। विद्यार्थियों के पठन-पाठन व्यवस्था, स्वास्थ्य सुविधा, साफ-सफाई एवं छात्रावास की सुरक्षा व्यवस्था की भी पूरी जानकारी लें। प्रत्येक सोमवार को सभी अधिकारी टीएल बैठक में निरीक्षण प्रतिवेदन प्रस्तुत करें।

# रीवा में स्कूल जा रही आठवीं की छात्रा को अनियंत्रित ट्रक ने कुचला, घसीटने से मौत

## लोगों ने लगाया जाम, पुलिस की समझाइश के बाद खोला था

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**
**विकास तिवारी**

रीवा। रीवा के मनिकवार बस स्टैंड के पास शनिवार सुबह सड़क दुर्घटना में 13 वर्षीय छात्रा ट्रक की चपेट में आ गई। घटनास्ड़थल पर ही उसकी मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि प्रतिभा चौरसिया पिता अजय चौरसिया उम्र 13वर्ष कक्षा आठवीं की छात्रा थी। जो सुबह घर से अपनी बुआ के साथ जा रही थी।

**छात्रा सड़क पर गिरी और ट्रक में फंस गई**-धान से लदे ट्रक क्रमांक यूपी 64एटी 3873 ने रांग साइड से आकर टक्कर मार दी। छात्रा टक्कर खाकर सड़क पर गिरी और ट्रक में फंस गई। ट्रक कुछ दूर तक घसीटते हुए साथ ले गया। सड़क



दुर्घटना में छात्रा के सिर पर गंभीर चोट आई। जो मौत का कारण बना।

**ग्रामीणों ने जाम लगा चालक को पकड़ कर पीटा**-घटना की जानकारी मिलने पर ग्रामीणों ने जाम लगा दिया और चालक को पकड़ लिया। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। जहां पुलिस ने ट्रक को जब्त करते हुए शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवा दिया है। उधर घटना के बाद आक्रोशित परिजनों ने कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

**पुलिस मामला दर्ज कर जांच कर रही है**-सूचना पाकर मौके पर पहुंचे पुलिस अधिकारी एवं एसडीएम के समझाइश के बाद लोगों ने जाम खोल दिया है। दूसरी तरफ शव का पीएम हो जाने के बाद पुलिस ने शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# भाजपा का सदस्यता अभियान,जमीन में नहीं मिला नेटवर्क तो पेड़ पर चढ़कर टारगेट पूरा करने का प्रयास

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**
**विकास तिवारी**

सीधी। सीधी जिले के पोंड़ी और कुसमी मंडल के करीब 30 गांव, जहां मोबाइल का नेटवर्क नहीं मिलता, या फिर बहुत कमजोर है। ये सभी गांव आदिवासी बहुल हैं। सदस्यता अभियान देश भर में चलाया जा रहा है और संगठन पदाधिकारियों को ऊपर से मिला लक्ष्य भी हासिल करना है, इसलिए मैदानी स्तर पर कार्यकर्ता अपनी ओर से हरसंभव प्रयास कर रहे हैं।

**अनेक गांव ऐसे, जहां मोबाइल का नेटवर्क नहीं**-भारतीय जनता पार्टी का इन दिनों सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत प्रत्येक जिला और मंडल के लिए सदस्यता का लक्ष्य तय किया गया है। इस लक्ष्य को पूरा करने भाजपा नेता और कार्यकर्ता हरसंभव प्रयास कर रहे हैं। अनेक गांव ऐसे हैं, जहां मोबाइल का नेटवर्क नहीं है, या है भी तो बहुत कमजोर। इसलिए वहां के कार्यकर्ता ऊंचे स्थानों पर जाकर पहले नेटवर्क तलाश रहे हैं इसके बाद लोगों को



सदस्य बना रहे हैं।

**पेड़ों पर चढ़कर भी लक्ष्य की ओर बढ़ने की जुगत**-पोंड़ी और कुसमी मंडल के कार्यकर्ताओं को वरिष्ठ नेताओं ने नेटवर्क विहीन गांवों में ऊंचे स्थान पर जाकर नेटवर्क तलाशने और फिर लोगों को सदस्य बनाने की युक्ति सुझाई है। लिहाजा कार्यकर्ता गांवों में हर ऊंचे से ऊंचे स्थान पर जाकर सदस्यता अभियान में सहभागी बन रहे हैं। इसी कड़ी में अनेक गांवों में कार्यकर्ता पेड़ों पर चढ़कर भी लक्ष्य की ओर बढ़ने की जुगत भिड़ा रहे हैं। इसमें उन्हें सफलता भी मिल रही है, इसलिए इस युक्ति को दूसरे क्षेत्र के कार्यकर्ताओं को भी सुझाया जा रहा है।

**लक्ष्य को पूरा कराने के लिए दिन-रात कड़ी मेहनत**-भाजपा पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती ये सदस्यता अभियान चला रही है। इन दिनों सदस्यता अभियान को पूरा करने के लिए जिले के प्रभारी, सांसद, विधायक और जिलाध्यक्ष सहित तमाम पदाधिकारी लक्ष्य को पूरा कराने के लिए दिन-रात कड़ी मेहनत कर रहे हैं।जनपद कुसमी जनपद के अंतर्गत आने वाले पोंड़ी और कुसमी मंडल के 15-15 गांवों अनेक बूथ नेटवर्क विहीन है। ऐसे में नेटवर्क को तलाशने के लिए पेड़ में चढ़कर कार्यकर्ता सदस्यता अभियान के प्रकिया को पूरा कर रहे हैं।

**राजेश पांडे, प्रदेश मंत्री भाजपा।**

# यात्रियों को बेहतर सुविधाएं मिले हमारा प्रयास सांसद -श्री लोधी सांसद राहुल सिंह ने स्टेशन उन्नयन कार्य का किया निरीक्षण दिए आवश्यक दिशा निर्देश



दमोह- राजेश कुमार पटेल दैनिक केसरिया हिंदुस्तान जिला प्रमुख की खबर 26 सितंबर 2024दमोह लोकसभा सांसद राहुल सिंह गुरुवार रेलवे स्टेशन का किया निरीक्षण। रेलवे स्टेशन प्रगति उन्नयन कार्य का लिया जायजा, दिए दिशा निर्देश बड़ा अमृत भारत योजना के अंतर्गत रेलवे स्टेशन पर उन्नयन कार्य प्रगति पर है 70त्न कार्य प्रगति पर होने पर सांसद राहुल सिह ने प्रसन्नता जाहिर की 30त्न बकाया कार्य भी जल्दी समय सीमा के अंदर दिशा निर्देश दिए, साथी प्लेटफॉर्म नंबर 2 एवं 3के संबंध में वहां अधिकारियों से चर्चा के दौरान श्री सैया कहा कि प्लेटफार्म नंबर 1 से यात्रियों का आवागमन बेहतर सुलभ है। इस प्रकार दो या तीन नंबर पर प्लेटफॉर्म यात्रियों के लिए सर्व सुविधा युक्त हो। एवं एक अतिरिक्त बुकिंग काउंटर की सुविधा उपलब्ध होनी अति आवश्यक सुविधा होनी चाहिए। ताकि यात्रियों को सुलभ सुविधा प्राप्त हो सके। और कहा जैसे कि हटा पथरिया से आने वाली यात्रियों को शुद्ध पिये जल उपलब्ध पर्याप्त मात्रा में प्राप्त हो सके। इस संबंध में सांसद सिह ने कलेक्टर श्री कोचर से चर्चा भी की सांसद राहुल सिंह निरीक्षण के दौरान एससीएम जबलपुर गुन्नौर, एईएन अनिल चौधरी, स्टेशन प्रबंध के मुकेश जैन सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण अधिकारी -कर्मचारी मौजूद रहे।

# केन्द्रीय संचार ब्यूरो ने स्वच्छता ही सेवा अभियान अंतर्गत आयोजित किया*

विशेष जागरुकता कार्यक्रम हमारे शहर को स्वच्छ और सुन्दर बनाना है तो सभी कोमिल-जुलकर करना होगा* प्रयासङ्क नगरपालिक निगम महापौर श्री अहकेछिंदवाड़ा संवाददाता मारुति लाल विश्वकर्माछिन्दवाड़ा/ 28 सितम्बर 2024/ केन्द्रीय संचार ब्यूरो क्षेत्रीय कार्यालय सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार के प्रभारी क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी छिंदवाड़ा श्री राम सहाय प्रजापति ने बताया कि केन्द्रीय संचार ब्यूरो क्षेत्रीय कार्यालय सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार छिंदवाड़ा द्वारा आज शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सुक्लुढाना में स्वच्छता ही सेवा विषय पर एक विशेष जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पालिक निगम महापौर श्री विक्रम अहके ने कहा कि हमारे शहर को स्वच्छ और सुन्दर बनाना है तो सभी को मिलजुलकर प्रयास करना होगा । हमारे स्वच्छताकर्मी ही स्वच्छता दूत के रूप में कार्य करते हैं उन सभी का सम्मान केन्द्रीय संचार ब्यूरो द्वारा किया जा रहा है, जो प्रशंसनीय है। स्वच्छता रहेगी तो स्वस्थ रहेंगे और स्वस्थ रहेंगे तो और उर्जा से हम सारे सकारात्मक कार्य कर सकते हैं। इस अवसर पर मंच पर महापौर श्री अहके के साथ वार्ड के जनप्रतिनिधि श्री शिव मालवी एवं श्री अभिलाष गौहर सहित प्रचार अधिकारी श्री प्रजापति, संस्था प्राचार्य श्री किशोर मांगरुलकर, स्वच्छता बांड एम्बेसेडर श्री विनोद तिवारी, विधिक प्राधिकरण के सदस्य श्री श्यामलराव, पूर्व सह मिडिया अधिकारी श्री अशोक मिश्रा, पूर्व प्रचार अधिकारी श्री डी.एन.अग्निहोत्री, सफाई मित्र सहित गणमान्य जन, स्कूली शिक्षक एवं विद्यार्थीगण उपस्थित थे। इस अवसर पर स्वच्छता जागरुकता रैली निकालकर स्वच्छता का सन्देश दिया गया। कार्यक्रम में स्वच्छता पर आधारित रंगोली प्रतियोगिता एवं प्रश्नोतरी का आयोजन किया गया। जिनके विजेताओं को अतिथियों के हस्ते पुरुस्कृत किया गया। इस अवसर पर सफाई मित्रों को महापौर श्री अहके के हस्ते शॉल श्रीफल से सम्मानित किया गया । कार्यक्रम में रेणुका लोक नाट्य कला केंद्र के कलाकारों द्वारा स्वच्छता पर आधारित नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति दी गई । कार्यक्रम में स्वच्छता ब्रांड एम्बेसेडर श्री विनोद तिवारी ने उपस्थित सभी जनों को स्वच्छता की शपथ दिलाई।

# मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को सड़कों के सुधार के दिए निर्देश

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

रीवा। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से कृषि आदान एवं सोयाबीन के उपार्जन के संबंध में अधिकारियों को निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध है। कलेक्टर खाद के उठाव, भण्डारण और वितरण की कड़ी निगरानी रखें। खाद और बीज की गुणवत्ता की नियमित जाँच कराएं। खाद की कालाबाजारी तथा मिलावट करने वालों पर आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर कार्यवाही करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसानों को डीएपी खाद के स्थान पर यूरिया और एनपीके खाद के उपयोग के लिए प्रोत्साहित करें। वर्ष 2023-24 में डीएपी के स्थान पर 26 प्रतिशत किसानों ने वैकल्पिक खाद का उपयोग किया जो खरीफ फसल में बड़कर 45 प्रतिशत हो गया है। किसानों को नैनो यूरिया तथा नैनो डीएपी के उपयोग के लिए भी प्रोत्साहित करें। खाद की बिक्री के लिए जहाँ आवश्यक हो वहाँ डबल लाक सेंटर




में निजी विक्रेताओं को खाद बेचने की अनुमति दें। साथ ही अतिरिक्त बिक्री केन्द्र बनाएं। कलेक्टर यह व्यवस्था सुनिश्चित करें कि किसानों को सरलता से खाद मिल सके। प्रभारी मंत्री अपने प्रभार के जिलों में खाद और बीज वितरण की नियमित समीक्षा करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि सोयाबीन के उपार्जन के लिए प्रदेश भर में 1400 से अधिक खरीदी केन्द्र बनाए गए हैं। जहाँ आवश्यक हो वहाँ नए खरीदी केन्द्र कलेक्टर बना लें। खरीदी केन्द्रों के साथ किसान 20 अक्टूबर तक ऑनलाइन पंजीयन भी करा सकते हैं। सभी




खरीदी केन्द्रों में सोयाबीन के उपार्जन एवं भण्डारण की उचित व्यवस्था करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के कुछ स्थानों में भारी वर्षा से फसलों को हानि हुई है। कलेक्टर क्षतिग्रस्त फसलों का सर्वे कराकर किसानों को फसल बीमा तथा अन्य लाभ देना सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि नवरात्रि, दशहरा तथा दीपवली सहित कई त्यौहार आगामी महीनों में मनाए जाएंगे। त्यौहारों के दौरान कानून और व्यवस्था बनाए रखने के लिए उचित प्रबंध करें। असामाजिक तत्वों पर लगातार कार्यवाही करें। कलेक्टर एवं अन्य अधिकारी छात्रावास, स्कूल तथा कालेज का नियमित रूप से निरीक्षण करें। वर्षा के कारण क्षतिग्रस्त हुई सड़कों के सुधार का कार्य तत्काल शुरू कराएं। सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत संचालित उचित मूल्य दुकानों से खाद्यान्न वितरण की सतत निगरानी करें। वितरण में गढ़बढ़ी करने वालों पर कढ़ी कार्यवाही करें। सड़कों से निराश्रित गौवंश को हटाने के लिए भी प्रभावी कार्यवाही करें। मुख्यमंत्री ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से मंत्रीगणों, सांसद तथा विधायकगणों से संवाद किया। कमिश्नर कार्यालय सभागार से वीडियो कान्फ्रेंसिंग में कमिश्नर बीएस जामोद, आईजी एमएस सिकरवार, सहायक संचालक कृषि प्रीति द्विवेदी, उपायुक्त डीएस सिंह तथा अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। कलेक्टर कार्यालय से वीडियो कान्फ्रेंसिंग में सांसद श्री जनार्दन मिश्र, विधायक मनगवां श्री नरेन्द्र प्रजापति, कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल, पुलिस अधीक्षक विवेक सिंह तथा अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## एक नजर...

### जिला शिक्षा अधिकारी ने क्षेत्र के स्कूलों में किया दौरा, त्रैमासिक परीक्षा का अवलोकन करते हुए बच्चों के बीच नज़र आए जिला शिक्षा अधिकारी



कोरिया। दिनांक 25 सितंबर 2024 को जिला शिक्षा अधिकारी जितेंद्र कुमार गुप्ता के द्वारा शासकीय हाई स्कूल मुरमा, शासकीय हाई स्कूल अंगा, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कटकोना तथा शासकीय प्राथमिक शाला चूड़ीपारा संकुल केंद्र अंगा का अवलोकन किया गया, में चल रहे त्रैमासिक परीक्षा का अवलोकन किया गया, जिसमें कक्षा पांचवी के छात्र आर्यन चक्रधारी से 21 का पहाड़ा पूछा गया जिस पर छात्र द्वारा बहुत सहज तरीके से पहाड़ा सुनाया गया, इससे प्रसन्न होकर जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा छात्रों /छात्राओं को प्रोत्साहित करते हुए पुरस्कृत किया गया, त्रैमासिक परीक्षा को लेकर बच्चों की तैयारियों का जायज़ा लेते हुए किस तरह शिक्षकों ने बच्चों पर ध्यान दिया है और बच्चों और शिक्षकों के बीच के तालमेल की परिस्थितियों का जायज़ा लेने जिला शिक्षा अधिकारी ने कई स्कूलों का दौरा किया, जिसमें परीक्षा सुचारू रूप से पाया गया, और बच्चों ने भी जिला शिक्षा अधिकारी को बताया कि शिक्षकों ने भी बच्चों पर पूरा ध्यान दिया है, जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा इसी तरह समय समय पर क्षेत्र के विभिन्न स्कूलों का दौरा किया जाता रहा है और शिक्षकों एवं बच्चों की समस्याओं से वो खुद उपस्थित हो कर उनके दिक्कतों का त्वरित समाधान करते आए हैं, जिससे कि जिले में शिक्षा स्तर को बढ़ाया जा सके और बच्चों को उचित शिक्षा मिल सके।


### टक्कर मारकर भागने वाली दुर्घटना में पीड़ित प्रतिकर प्राप्त करने का है हकदार.....

***जिला न्यायाधीश अनिल कुमार सोहानी के मार्गदर्शन में मोटर व्हीकल एक्ट 1988 के अंतर्गत गठित मॉनीटरिंग कमेटी की त्रैमासिक बैठक सम्पन्न........**

रायसेन(मदन राजपूत ब्यूरो चीफ केसरिया हिंदुस्तान) अधिकांशतः ऐसा देखा गया है कि कोई भी वाहन चालक किसी भी आमजन को टक्कर मारकर स्वयं को बचाने की दृष्टि से भाग जाता है और पीड़ित व्यक्ति एवं उसके सहयोगी घटना कारित करने वाले वाहन चालक की तलाश में पुलिस प्रकरण बनवाने के लिए भटकते रहते हैं लेकिन अब स्थिति ऐसी नहीं रही है। कानूनी दृष्टि सेआज वाहन टक्कर से आहत आमजन प्रतिकर प्राप्त करने के अधिकारी हो गये हैं,इसी संदर्भ में गत दिवस प्रधान जिला न्यायाधीश तथा अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायसेन अनिल कुमार सोहाने के मार्गदर्शन में रिट पिटीशन (सिविल) अपील क्रमांक 295/2012 एस.राज सीकरन विरूद्ध यूनियन ऑफ इंडिया में पारित आदेश के पालन में मोटर व्हीकल एक्ट 1988 के अंतर्गत गठित मॉनीटरिंग कमेटी की त्रैमासिक बैठक राजीव राव गौतम सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायसेन की अध्यक्षता में भौतिक एवं ऑनलाईन माध्यम से आयोजित की गयी। तहसील बेगमगंज,गैरतगंज,उदयपुरा, सिलवानी,गौहरगंज एवं बरेली के उपखंड अधिकारी ऑनलाईन माध्यम से व अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) रायसेन मुकेश सिंह एवं श्रीमती लता मालवीय ट्राफिक थाना प्रभारी रायसेन भौतिक रूप से बैठक में सम्मिलित हुए।बैठक में राजीव राव गौतम द्वारा उपस्थित सदस्यो से ''टक्कर मारकर भागना,मोटर यान दुर्घटना पी?ित प्रतिकर स्कीम 2022'' के अंतर्गत माह जुलाई,अगस्त एवं सितम्बर 2024 में प्राप्त आवेदन एवं पारित अवार्ड राशि के बारें में जानकारी ली गई,साथ ही लंबित आवेदनों को प्राथमिकता के आधार पर निराकृत कराये जाने के निर्देश दिए गए। बैठक में उपस्थित उपखंड अधिकारी जो योजना में दावा जांच अधिकारी के नाम से नामित हैं को हिट एंड रन से पीडित व्यक्तियों को योजना के अनुसार प्रतिकर के निर्धारण के लिए समुचित कार्यवाही करने के लिए एवं त्वरित आर्थिक लाभ प्रदान करने हेतु आवश्यक कार्यवाही करने के लिए निर्देशित किया गया।बैठक में राजीव राव गौतम सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायसेन द्वारा स्कीम के अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार हेतु संबंधितों को अपने-अपने कार्यालय में स्कीम के बोर्ड लगाये जाकर,पंपलेट मुद्रित कर आमजन को वितरित किये जाकर एवं आमजन को जागरूक करने के उददेश्य से शिविर आयोजित किये जाकर स्कीम की जानकारी प्रदान किये जाने के निर्देश प्रदान किये गये। राजीव राव गौतम द्वारा व्यक्त किया गया कि हिट एंड रन दुर्घटना से पी?ित व्यक्ति योजना के अधीन समुचित प्रतिकर प्राप्त करने का हकदार है जिसके लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यालय से संपर्क कर सकता है। कार्यालय द्वारा ऐसे पी?ित व्यक्ति एवं पी?ित व्यक्ति के मृतक होने की दशा में उनके प्रतिनिधियों को निशुल्क विधिक सहायता दी जायेगी।

### जनपद पंचायत सीईओ सारंगपुर प्रमोद सिंह ने ईकेवाईसी करवाने हेतु ली बैठक

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान से ब्यूरो चीफ देवीलाल कुशवाह राजगढ़।



शुक्रवार को ग्राम पंचायत संडावता में सारंगपुर जनपद पंचायत सीईओ प्रमोद सिंह ने ली अनिवार्य बैठक। बैठक में ग्राम पंचायत में ई केवाईसी से वंचित परिवारों की केवाईसी करवाने हेतु ग्राम पंचायत में शिक्षा विभाग सहित आंगनवाड़ी कार्यकर्ता आशा कार्यकर्ता , कृषि विभाग,सहित अन्य विभाग की कर्मचारियों की बैठक लेकर शत प्रतिशत केवाईसी करवाने पर जोर दिया एवं सभी कर्मचारियों को केवाईसी वंचित लोगों की ई केवाईसी करवाने हेतु काम सोपा इस अवसर पर एस डी ओ सारंगपुर सहीत सभी विभाग के कर्मचारी उपस्थित रहे।

### अतिरिक्त मुख्य सचिव ने प्रशिक्षण केन्द्र का किया निरीक्षण

रीवा। अतिरिक्त मुख्य सचिव श्री जेएन कंसोटिया एक दिवसीय प्रवास पर आज रीवा पहुंचे। श्री कंसोटिया ने संभागीय समीक्षा बैठक में विकास कार्यों की समीक्षा के बाद जनजातीय कार्य विभाग द्वारा संचालित प्रशिक्षण केन्द्र का निरीक्षण किया। प्रशिक्षण केन्द्र में सिविल सर्विसेज तथा अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति के विद्यार्थियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। श्री कंसोटिया ने प्रशिक्षण केन्द्र के विद्यार्थियों से संवाद कर विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारियों की जानकारी ली। श्री कंसोटिया ने कहा कि अपने कॅरियर का लक्ष्य निर्धारित करके क?ा परिश्रम करें।



# अनादि कल्पेश्वर महादेव मंदिर की दान पेटी से निकली 3 लाख 80 हजार 102 रुपए की दान राशि

**शासन के 11 पटवारियों की उपस्थिति में निकाली गई राशि**

आलोट के प्रसिद्ध तीर्थ स्थल अनादिकल्पेश्वर महादेव मंदिर पर स्थित दान पेटी से 3,लाख 80 हजार 102 रुपए की राशि दानदाताओ के सहयोग से प्राप्त हुई ज्ञात हे की अनादि कल्पेश्वर महादेव मंदिर अति पौराणिक होकर जन जन की आस्था का केंद्र हे यहां सनातनी परंपरा अनुसार उज्जैन महांकाल की तर्ज पर सावन एवं भाद्र मास में 4 से 5 सवारी निकली जाती है इस पूरे माह में मंदिर पर जप, अनुष्ठान एवं भंडारे के आयोजन होते है। जहां शिव भक्तो का तांता लगा रहता है ।वर्तमान में इस मंदिर का जीर्णोद्वार कार्य प्रगति पर है जहां शासन और जनप्रतिनिधियों के सहयोग से करोड़ों रुपए के विकास कार्य स्वीकृत हुए हे जिसका एक एक कर कार्य प्रारंभ हो रहा हे।मंदिर समिति द्वारा यहां दान पेटी लगाई गई थी त्योहार होने के कारण पिछ्ले दो माह से इसे नही खोला गया था जिसको खोलने के लिए प्रशासन की टीम गुरुवार को मंदिर पहुंची । जहा दान पेटी को खोला गया शासन के 11 पटवारी की उपस्थिति में दानपेटी से प्राप्त राशि की गिनती की गई जिससे 3 लाख 80 हजार 200 रुपए की दान राशि प्राप्त हुई हे। यह राशि शासन के खजाने



में जमा होगी मंदिर की दान राशि के 14 लाख कर लगभग की राशि पूर्व में भी शासन के पास जमा हे पिछ्ले दो माह से इस दान पेटी को नही खोला गया था जिस पर मंदिर जीर्णोद्वार समिति के अध्यक्ष केदार मल काला,कोषाध्यक्ष कैलाश अग्रवाल,सचिव अशोक शर्मा,उपाध्यक्ष अनिल भरावा,मनीष पांचाल ,सहसचिव मनीष सेठिया, कुलदीप सांवरिया,आदि ने अनुविभागीय अधिकारी एवं मंदिर के प्रबंधक सुनील जायसवाल से चर्चा की थी। जिस पर उन्होंने टीम गठित कर इस दान पेटी को तहसीलदार सोनम भगत व गिरदावर महेंद्र वाडिया खुलवाकर दान राशि की गिनती करवाई समिति ने शासन के पास पूर्व में पढ़ी दानराशि मंदिर पर मूलभूत सुविधा के उपयोग में लगाने के लिए भी पत्र दिया हे जिस पर प्रबंधक सुनील जायसवाल ने उक्त राशि शीघ्र निकालने के लिए शासन को पत्र लिखा है इस अवसर पर दानपेटी की राशि गिनने के लिए शासन के 11पटवारी की ड्यूटी लगाई गई थी ।जिनमे विजय सिंह,अमित सिखरवार,सुश्री मधु श्री यादव,राहुल मूलचंदानी,स्वागत दुबे, सु श्री सौम्या सिंह,ऋषभ तिवारी , सु,श्री,राशि,सिंघल,प्रताप सेंगर,अमर डिंडोर,आदि उपस्थित थे

## फसल बर्बाद, विधवा महिला की गुहार- प्रशासन की निष्क्रियता पर उठे सवाल

**शिकायत की तो क्रेशर मालिक का मुनीम देने लगा मरने की धमकी**



**दैनिक पुष्पांजलि टुडे से सतीश परिहार**

**दिनारा** । शांति यादव ने अपने आंसुओं के साथ कहा कि वेद प्रकाश क्रेशर ने उनकी पूरी फसल का सत्यानाश कर दिया है उन्होंने आरोप लगाया कि जब उन्होंने इसकी शिकायत की, तो क्रेशर का मुनीम विजय रावत उन्हें मरने की धमकी देने लगा शांति यादव की खेती ही उनकी आजीविका का साधन थी, लेकिन अब उनकी फसल पूरी तरह से बर्बाद हो चुकी है उन्होंने प्रशासन से गुहार लगाई, लेकिन उनकी आवाज़ अनसुनी रह गई अब मुझे खाने को दाना नहीं है और मैं भूखे मरने की कगार पर हूं स्थानीय प्रशासन की निष्क्रियता पर शांति यादव ने चिंता जताते हुए कहा कि जब भी उन्होंने मदद मांगी, उन्हें केवल आश्वासन मिला, लेकिन वास्तविक कार्रवाई नहीं हुई ऐसे में गरीब किसान कैसे जी पाएंगे, यह बड़ा सवाल हैयह मामला प्रशासन के लिए एक गंभीर चुनौती है, जो कि किसानों की सुरक्षा और उनके अधिकारों के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने में विफल हो रहा है स्थानीय लोगों में इस बात को लेकर गहरी नाराजगी है, और वे प्रशासन से त्वरित कार्रवाई की उम्मीद कर रहे हैं..!!!

## क्षेत्र के यशश्वी डॉक्टर प्रिंस जयसवाल को धनवंतरी पुरस्कार से किया गया सम्मानित

कोरिया। स्वास्थ्य विभाग में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के जिला कार्यक्रम प्रबंधक के पद पर पदस्थ डाक्टर प्रिंस जायसवाल एक ऐसा नाम है जिन्होंने अपने दायित्वों का निर्वहन बखूबी किया है । विभाग द्वारा दी गई जिम्मेदारियों का निर्वहन सही तरीके से करने के कारण उन्हें कई अवसरों पर सम्मानित भी किया जा चुका है । कोरिया जिले में दो हजार पन्द्रह से मार्च दो हजार बाइस तक स्वास्थ्य विभाग में जिला सलाहकार के रूप में डाक्टर प्रिंस जायसवाल ने अपनी सेवा दी । इसके बाद इसी जिले में जिला कार्यक्रम प्रबंधक के रूप में काम किया । इस पूरे कार्यकाल के दौरान कोरोनाकाल का समय भी आया जब डाक्टर प्रिंस जायसवाल ने लोगो को सुरक्षित रखने अपनी जान की परवाह किये बिना मैदानी स्तर पर जाकर काम किया । जिसके चलते इन्हें कोरोना वारियर्स सम्मान भी तत्कालीन विधानसभा अध्यक्ष डाक्टर चरणदास महंत के हाथों मिला । इसके अलावा कोविड टीकाकरण महाअभियान में उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया । वही चिरायु कार्यक्रम अंतर्गत जन्मजात हृदयरोगी बच्चो की निःशुल्क सर्जरी में उत्कृष्ट कार्य के लिए भी डाक्टर प्रिंस जायसवाल को सम्मानित किया जा चुका है । कोरिया जिले में किये गए कार्यो को देखते हुए इन्हें सूरजपुर जैसे ब? जिले की जिम्मेदारी दी गई है और वर्तमान में स्वास्थ्य विभाग सूरजपुर में जिला कार्यक्रम प्रबंधक के रूप में पदस्थ है।




## साया होटल के रिसेप्शनिस्ट पर जान से मारने की नियत से फायरिंग करने वाले दो आरापियों को पुलिस ने हथियार सहित किया गिरफ्तार

**आरोपियों से घटना में प्रयुक्त कट्टा मय एक जिंदा राउंड किया जप्त।**

**पुष्पांजली टुडे**

ग्वालियर। फरियादी निखिल पटेल निवासी गोसपुरा नं 1 हजीरा ग्वालियर ने थाना पढ़ाव में रिपोर्ट लेख कराई कि वह साया होटल में रिसेप्शनिस्ट के पद पर कार्यरत् है। दिनाँक 12.09.2024 को वह अपनी रिसेप्सन ड्यूटी पर था, तभी शाम को तीन अज्ञात लडके मुँह पर कपडा बाँधे हुए एक बिना नंबर की मोटर साइकिल से आये और उनमें से बीच मे बैठे लड़के ने कट्टे से होटल के अन्दर उसे देखते हुए होटल की तरफ गोली मारी जो होटल के काँच के दरवाजे पर लगी, जिससे काँच टूटकर बिखर गया यदि कांच का दरवाजा नहीं होता तो गोली आकर उसे लग सकती थी, उसके बाद तीनों अज्ञात लडके वहाँ से मोटर साइकिल से भाग गए। उक्त रिपोर्ट पर से थाना पड़ाव में उक्त तीनों अज्ञात लड़कों के खिलाफ अप0क्र0-367/24 धारा 110,3(5) बीएनएस का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। जिसकी सूचना थाना प्रभारी पड़ाव द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों को दी गई। उक्त फायरिंग की घटना को गंभीरता से लेते हुये पुलिस अधीक्षक ग्वालियर श्री राकेश कुमार सगर,भापुसे द्वारा अति. पुलिस अधीक्षक शहर(पूर्व/यातायात/अपराध) श्री षियाड़ के.एम,भापुसे एवं अति. पुलिस अधीक्षक शहर (मध्य) श्री अखिलेश रैनवाल को क्राइम ब्रांच व थाना पड़ाव पुलिस की संयुक्त टीम बनाकर उक्त प्रकरण के तीनों आरोपियों की पतारसी कर गिरफ्तार करने हेतु निर्देशित किया गया। पुलिस अधीक्षक ग्वालियर द्वारा उक्त घटना के अज्ञात आरोपियों की पतारसी पर 03 हजार रूपये का इनाम भी घोषित किया गया। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशों के परिपालन में एएसपी अपराध श्री आयुष गुप्ता,भापुसे, डीएसपी अपराध श्री नागेन्द्र सिंह सिकरवार एवं सीएसपी इंदरगंज श्री अशोक सिंह जादौन के कुशल मार्गदर्शन में थाना प्रभारी अपराध निरीक्षक अजय सिंह पंवार व थाना प्रभारी पड़ाव उनि0 संतोष भदौरिया के द्वारा क्राइम ब्रांच व थाना पड़ाव पुलिस की संयुक्त टीम को उक्त प्रकरण में वांछित तीनों आरोपियों की पतारसी कर पकड़ने हेतु लगाया गया। दौराने विवेचना पुलिस टीम द्वारा घटना स्थल के आसपास के सीसीटीव्ही कैमरे चेक किये गये एवं फायरिंग करने वाले आरोपियों की पतारसी हेतु मुखबिर तंत्र विकसित किये गये। पुलिस को जरिये मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि उक्त प्रकरण में वाछिंत तीनों आरोपियों मे से दो आरोपी गोला का मंदिर के रहने वाले है। उक्त सूचना की तस्दीक हेतु पुलिस टीम को रवाना किया गया। पुलिस टीम द्वारा मुखबिर के बताये स्थान हनुमान नगर में जाकर देखा तो सीसीटीव्ही फुटेज में दिख रहे हुलिये का एक संदिग्ध व्यक्ति खड़ा दिखा, जिसने पुलिस टीम को देखकर भागने का प्रयास किया, परन्तु पुलिस टीम द्वारा उसे घेराबंदी कर पकड़ लिया गया। पकड़े गये व्यक्ति ने पूछताछ में अपना नाम सत्यम चौहान पुत्र महेश सिंह चौहान निवासी हनुमान नगर गोले के मंदिर का रहने वाला बताया। पकड़े गये व्यक्ति से अपराध सदर में पूछताछ करने पर उसके द्वारा पुलिस टीम को गुमराह करने का प्रयास किया, परन्तु पुलिस टीम द्वारा गहनता से पूछताछ की गई तो उसके द्वारा अपने साथियों के साथ मिलकर फायरिंग करना स्वीकार किया। पकड़े गये आरोपी की निशादेही पर उसके कब्जे से 315 बोर का कट्टा मय जिंदा राउंड के विधिवत जप्त किया गया। पुलिस टीम द्वारा पकड़े गये आरोपी की निशादेही एवं मुखबिर के बताये अनुसार उक्त प्रकरण के दूसरे आरोपी को मुरार रोड़ परिवार टुडे की बगल वाली गली गोला का मंदिर से पकड़ लिया गया। पकड़े गये आरोपी ने पूछताछ में अपना नाम विकास गुर्जर उर्फ ग्यासी पुत्र करतार सिंह गुर्जर बताया। अपराध सदर में पूछताछ करने पर उसके द्वारा अपराध करना स्वीकार किया। जिस पर से पुलिस टीम द्वारा दोनों आरोपियों को थाना पड़ाव में अप0क्र0-367/24 धारा 110,3(5) बीएनएस के प्रकरण में गिरफ्तार किया गया। पकड़े गये आरोपियों ने पूछताछ में बताया है कि उनके द्वारा उक्त घटना दूसरों के कहने पर घटित की थी।

**गिरफ्तार आरोपी :-**

(1) सत्यम चौहान पुत्र महेश सिंह चौहान निवासी हनुमान नगर गोले के मंदिर ग्वालियर।
(2) विकास गुर्जर उर्फ ग्यासी पुत्र करतार सिंह गुर्जर निवासी गोला का मंदिर ग्वालियर।

**बरामद मशरूका:-** घटना में प्रयुक्त 315 बोर कट्टा मय एक जिंदा राउंड किया जप्त।

**सराहनीय भूमिका :- थाना प्रभारी अपराध निरी0 अजय सिंह पंवार, थाना प्रभारी पड़ाव उनि0 संतोष भदरिया**

**क्राईम ब्रांच टीम-**

उनि0 राजीव सोलंकी, प्र.आर0 राजीव शुक्ला, जितेन्द्र तिवारी, आर0 अरूण पवैया, ब्रिजेन्द्र चौहान, आकाश पांडे, अजय सिंह राठौर, हेमन्त सिंह चौहान, थाना पड़ाव टीम- उनि0 अमर सिंह रायकवार, प्रआर0 शैलश परमार की सराहनीय भूमिका रही।

## लद्यु वनोपज संग्रहण से जुडे एसएचजी को वनधन केन्द्रों से जोडा जायेगा-वन मंत्री श्री रावत

**लद्यु वनोपज संग्रहणकर्ताओं से संवाद कार्यक्रम आयोजित**



वन एवं पर्यावरण मंत्री श्री रामनिवास रावत ने जनपद पंचायत कराहल परिसर स्थित समुदायिक प्रशिक्षण सेंटर में आयोजित लद्यु वनोपज संग्रहणकर्ताओ से संवाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि ऐसे एसएचजी जो फॉरेस्ट प्रोड्यूस संग्रहण के कार्य से जुडे हुए है, उन्हें पीएम जनमन योजना के तहत निर्मित होने वाले वनधन केन्द्रों से जोडा जायेगा। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान जनपद अध्यक्ष कराहल श्रीमती बत्तो बाई आदिवासी, भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य श्री महावीर सिंह सिसौदिया, भाजपा जिला उपाध्यक्ष श्री देवकीनदंन पालीवाल, मंडल अध्यक्ष श्री मेहरवान सिंह यादव, श्री सुजीत गर्ग, श्री बाबू सिंह यादव, श्री राजू पाठक, श्री धीरज यादव सहित एनआरएलएम अंतर्गत संचालित सहरिया फॉरेस्ट प्रोड्यूसर कंपनी से जुडी महिलाएं, सीएलएफ के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष तथा कार्यकारणी की महिलाएं एवं जडीबुटी संग्रहण से जुडे स्वसहायता समूह की महिलाएं उपस्थित थी। इसके साथ ही सीसीएफ ग्वालियर श्री टीएस सुलिया, डीएफओ सामान्य श्री सीएस चौहान, एसडीएम श्री बीएस श्रीवास्तव, तहसीलदार श्री सीताराम वर्मा, सीईओ जनपद श्री अभिषेक त्रिवेदी, डीपीएम एनआरएलएम श्री सोहनकृष्ण मुदगल सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहेंवन एवं पर्यावरण मंत्री श्री रामनिवास रावत ने कहा कि श्योपुर जिले में वनोपज की बाहुल्यता है तथा हजारो परिवार वनोपज संग्रहण से जुडे हुए है। तेदूपत्ता से लेकर विभिन्न प्रकार की जडीबुटियों का कार्य बडे पैमाने पर क्षेत्र में होता है, उन्होने कहा कि वनधन केन्द्रों के माध्यम से वनोपज संग्रहणकर्ताओं को विभिन्न प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध कराई जायेगी। वन एवं पर्यावरण मंत्री श्री रावत ने संवाद के दौरान महिलाओं द्वारा अवगत कराये जाने पर कहा कि कॉमन फेसीलेटर सेंटर की स्थापना तथा उनसे समूहों को जोडे जाने के प्रस्ताव पर विचार किया जायेगा। वनधन केन्द्र से इन समूहों को जोडने की प्रक्रिया की जायेगी, इसके साथ ही वनोपज संग्रहण से जुडे परिवारों को अन्य मूलभूत सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जायेगी। इस अवसर पर कलस्टर लेबल फेडरेशन गोरस की अध्यक्ष श्रीमती सुनीता आदिवासी, बरगवा सीएलएफ के अध्यक्ष श्रीमती प्रीति, आवदा सीएलएफ की उपाध्यक्ष श्रीमती गुड्डी आदिवासी, सेंसईपुरा सीएलएफ सचिव श्रीमती कलीया कुशवाह, करियादेह ग्राम संगठन अध्यक्ष श्रीमती कमली पटेलिया, खिरखिरी ग्राम संगठन अध्यक्ष श्रीमती कल्याणी आदिवासी, कलमी ग्राम संगठन अध्यक्ष श्रीमती रस्सो आदिवासी, डूडीखेडा ग्राम संगठन सचिव श्रीमती सुनीता पटेलिया द्वारा संवाद कार्यक्रम के माध्यम से अपने विचार रखे गये।

## स्वच्छता सेवा अभियान में नगर परिषद के सफाईकर्मियों व कर्मचारियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया।



**डॉ बेताल सिंह गौड़**
**रिपोर्टर पुष्पांजली टुडे**

मौ। स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत नगर परिषद मौ क्षेत्र में 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक चलाए जा रहे स्वच्छता ही सेवा अभियान के अन्तर्गत नगर परिषद द्वारा शनिवार को सफाई मित्र सुरक्षा शिविर आयोजित किया गया जिसमें मेडीकल ऑफिसर डॉ वर्षा बंसल जी, राजौरिया जी, अल्का सुप्रिया जी, सत्य नारायण जी, कुनाल जी,चंद्र प्रताप जी, संदीप यादव जी, भूपेन्द्र यादव जी द्वारा नगर परिषद में कार्यरत सभी स्थाई एवं अस्थाई सफाई कार्मियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया जिसमें सभी कर्मचारियों का ब्लड प्रेशर, शुगर, हीमोग्लोबिन,आंख एवं चेस्ट की जांच कर दवाइयां दी गई डॉ वर्षा जी ने सफाई कर्मियों को स्वस्थ रहने का तरीका बताया और प्रोत्साहित किया मौके पर नगर परिषद् के स्वच्छता पदाधिकारीयों ने स्वच्छ रहने के संसाधन भी स्वास्थ्य कर्मियों को उपलब्ध कराये सफाई कर्मियों को बताया गया कि स्वच्छता अभियान को सफल बनाने में हरसंभव सहयोग की जरूरत है इस अवसर पर नगर परिषद अधिकारी महेश पुरोहित जी ने सफाई मित्रों का सम्मान किया जिसमें पार्षद,सफाई दरोगा, स्वच्छ भारत मिशन के प्रभारी आमिर खान , रामनिवास, राजेश, सहित परिषद के अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे.

## ग्वालियर के थाना बहोड़ापुर क्षेत्र में घर की राह भटकी 07 वर्षीय बालिका, डायल-100 जवानों ने परिजन से मिलाया



**पुष्पांजली टुडे**

ग्वालियर । थाना बहोड़ापुर क्षेत्र में ग्वालियर फोर्ट गुरुद्वारे के पास एक 07 वर्षीय बालिका मिली है, जो घर का रास्ता भटक गया है, पुलिस सहायता की आवश्यकता है। सूचना राज्य स्तरीय पुलिस कंट्रोल रूम डायल-100 भोपाल में दिनाँक 27-09-2024 को रात्रि 10 बजे प्राप्त हुई। सूचना प्राप्ति पर तत्काल बहोड़ापुर थाना क्षेत्र में तैनात डायल-100 वाहन को मदद के लिए रवाना किया गया। डायल-112/100 स्टाफ आरक्षक कुबेर राजपूत, आरक्षक धीर सिंह एवं पायलट रामराज तोमर ने मौके पर पहुँचकर बालिका को संरक्षण में लिया। डायल-112/100 स्टाफ ने बालिका को साथ लेकर आसपास परिजन की तलाश एवं पूछताछ करने पर बालिका के परिजन की जानकारी मिली। डायल-112/100 स्टाफ ने बालिका संजना रजक पिता संतोष रजक निवासी उरवाई गेट को परिजन के पास ले जाकर पहचान व सत्यपान उपरांत सुपुर्द किया।

## क्षत्रिय खंगार समाज जिला शिवपुरी की जिला स्तरीय बैठक आज.





**पुष्पांजली टुडे**

शिवपुरी।रविबार को चिंता हरण मंदिर , दो बत्ती चौराहा शिवपुरी में होने जा रही है जिसमें आप सभी जिला शिवपुरी के समाज बंधु सादर आमंत्रित है यह जिला स्तरीय समाज की बैठक का उद्देश्य समाज में एकता और अखंडता बनाएं रखने एवम शिवपुरी जिला स्तर पर क्षत्रिय खंगार राजवंश के गौरव, परम प्रतापी महाराजा खेतसिंह खंगार जू देव की प्रतिमा एवं धर्मशाला बनवाए जाने हेतु ,रखी जा रही है, इसमें सभी समाज बंधु उपस्थित होकर अपने-अपने सुझाव अवश्य देने की कृपा करें

निवेदक - महेश प्रताप सिंह खंगार जिला अध्यक्ष क्षत्रिय खंगार परिहार समाज जिला शिवपुरी मध्य प्रदेश एवं भाजपा मंडल महामंत्री एवं मीडिया प्रमुख मंडल खोड़ विधानसभा शिवपुरी

## न्यूज ट्रैक

### अंतर्राष्ट्रीय नृत्य महोत्सव का ग्वालियर में होगा भव्य आयोजन

**उद्भव उत्सव कार्यक्रम में देश विदेशो से आये हुये 1000 कलाकार देंगे अपनी-अपनी प्रस्तुतियां -/-केशव पांडे**




ग्वालियर। ग्वालियर की पहचान बन चुका उद्भव उत्सव आयोजन अक्टूबर में होना सुनिश्चित किया गया है जिसमें एक बार फिर तानसेन की पावन नगरी में देश-विदेश की संस्कृतियों का संगम होगा। जहां एक हजार से अधिक कलाकार अपनी प्रस्तुतियां देंगे।उद्भव सांस्कृतिक एवं क्रीड़ा संस्थान के अध्यक्ष डॉ. केशव पाण्डेय, सचिव दीपक तोमर एवं ग्रीनवुड पब्लिक स्कूल की चैयरपर्सन किरण भदौरिया ने पत्रकारों से रूबरू होते हुए बताया कि शहर का प्रतिष्ठित आयोजन इंटरनेशनल डांस फेस्टीवल '' उद्भव उत्सव'' का आयोजन 15 से 18 अक्टूबर तक किया जायेगा। यह 19वां उत्सव उदभव, ग्रीनवुड पब्लिक स्कूल तथा आईआईटीटीएम का संयुक्त आयोजन होगा।पदाधिकारियों ने बताया कि इस बार सांस्कृतिक महा उत्सव में देश-विदेश से आए हुए 1000 से अधिक कलाकार अपनी अपनी प्रस्तुतियां देंगे।उत्सव में मध्य प्रदेश सहित केरला, तमिलनाडू, हरियाणा, दिल्ली, उत्तरप्रदेश, छत्तीसगड़, राजस्थान, पंजाब आदि प्रदेशों से आये कलाकार ग्वालियर की पावन धरा पर अपनी-अपनी संस्कृतियों की प्रस्तुतियों से वैश्विक एकता का संदेश देगें।कार्यक्रम को ग्रीनवुड पब्लिक स्कूल, भारतीय जीवन बीमा निगम, भारतीय यात्रा प्रबंधन संस्थान, संस्कृति विभाग म.प्र. शासन, संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार के सहयोग से आयोजित किया जा रहा हपत्रकारवार्ता में डॉ. केशव पाण्डेय, दीपक तोमर, श्रीमती किरण भदौरिया, चन्द्रशेखर बरूआ, शिशिर श्रीवास्तव, सुरेन्द्रपाल सिंह कुशवाह, प्रवीण शर्मा, आलोक द्विवेदी, मनोज अग्रवाल, राजेन्द्र मुद्गल, डॉ. आदित्य भदौरिया, शरद सारस्वत, राजीव अग्रवाल, मोनू राणा, शरद यादव, साहिल खान, शुभम राणा, सुरेश वर्मा, अंकित राणा, आशु यादव, मूलचन्द रसैनिया, जगदीश गुप्त, अक्षत तोमर, प्रदीप बिसारिया, आशीष सिंह, संतोष वशिष्ठ, आदि उपस्थित थे।

### बीएसएफ अकादमी टेकनपुर में हिन्दी पखवाडा एवं राजभाषा हिन्दी समारोह संपन्न

ग्वालियर। भारत सरकार गृह मंत्रालय के राजभाषा विभाग के




आदेशों के अनुसरण तथा राजभाषा नीति के कार्यान्वयन के लिए उत्साहवर्धक वातावरण सृजन करने के उददेश्य से अकादमी मुख्यालय टेकनपुर में 14 से 28 सितंम्बर तक हिन्दी पखवाडा एवं 27 सितम्बर को राजभाषा हिन्दी समारोह का आयोजन किया गया। हिन्दी पखवाडे के दौरान अकादमी मुख्यालय एवं अधीनस्थ कार्यालयों के कार्मिकों में हिन्दी के प्रति रूझान उत्पन्न करने 20 सितम्बर को हिन्दी काव्य गोष्ठी काव्य पाठ तथा हिन्दी विषयक विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इसके अतिरिक्त कार्यालय में कार्यरत कर्मिकों को सरकार की राजभाषा नीति के प्रति सुग्राही बनाने तथा उन्हें हिन्दी में कार्य करने में आ रही कठिनाईयों को दूर करने की दृष्टि से 24 सितम्बर को निरीक्षक हिन्दी अनुवादक द्वारा एक कार्याशाला का आयोजन भी किया गया। 27 सितम्बर को आयोजित किये गये राजभाषा हिन्दी समारोह के शुरू में संयुक्त निदेशक एवं आईजी ब्रजेश कुमार ने महानिदेशक सीमा सुरक्षा बल की अपील का वाचन किया। समारोह की अध्यक्षता अपर महानिदेशक एवं निदेशक अकादमी सेवांग नामग्याल ने की। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि भारत जैसे विशाल और बहुभाषी देश के नागरिकों को एक सूत्र में पिरोने तथा संपर्क भाषा के रूप् में संपूर्ण देश को जोडने का अत्यंत महत्वपूर्ण कार्य राजभाषा हिन्दी करती रही है। उन्होंने कहा कि भाषा मनोभाव व्यक्त करने का सबसे सशक्त माध्यम है। किसी भी देश का समग्र विकास तभी संभव है जब उसके निवासी अपनी मातृभाषा में चिंतन एवं लेखन करें। मातृ भाषा ही ज्ञान और अभिव्यक्ति का सबसे अच्छा माध्यम है। उन्होंने सभी से अपील की कि वह स्वयं सरकारी कार्य हिन्दी में करने की पहल करें। इस समारोह में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

# सड़कों की जर्जर स्थिति पर चेम्बर कार्यकारिणी की बैठक में व्यापारियों ने किया रोष व्यक्त

ग्वालियर। ग्वालियर शहर का एकमात्र ट्रांसपोर्ट नगर जहां पर शहर के लगभग 80-90 प्रतिशत कारोबारियों के गोडाउन हैं, वहां की सड़कें पिछले कई वर्ष से जर्जर हैं और वर्तमान में यहां की सड़क में काफी गहरे गड्ढे हो चुके हैं। ट्रांसपोर्ट नगर से शहर में माल लाने एवं ले जाने के लिए माल वाहक वाहन जाने में कतराते हैं और जैसे-तैसे जाने को राजी होते हैं तो वह तिगुना किराया लेते हैं। ट्रांसपोर्ट नगर की समस्या पर तत्कालीन मुख्यमंत्री जी से लेकर वर्तमान सांसद महोदय तक सड़कें ठीक कराने की बात कह चुके हैं परंतु स्थिति जस की तस बनी हुई है और व्यापारियों के लिए ट्रांसपोर्ट नगर ÷नरकक्ककें सामान हो चुका है। वहीं शहर की सड़कों की हालत भी बारिश के बाद जर्जर है, सड़कों पर चलने पर रीढ की हड्डी में लोगों के दर्द हो रहा है। यह बात आज आयोजित कार्यकारिणी समिति की बैठक में आये चेम्बर के विभिन्न व्यापारिक समूहों से प्रतिनिधित्व करने वाले व्यापारियों ने कही। अध्यक्ष-डॉ. प्रवीण अग्रवाल, संयुक्त अध्यक्ष-हेमंत गुप्ता, उपाध्यक्ष-डॉ. राकेश अग्रवाल, मानसेवी सचिव-दीपक अग्रवाल, मानसेवी संयुक्त सचिव-पवन कुमार अग्रवाल एवं कोषाध्यक्ष-संदीपनारायण अग्रवाल ने प्रेस को जारी विज्ञप्ति में बताया है कि ट्रांसपोर्ट नगर की सड़कें विगत 5 वर्ष पूर्व निर्मित हुई थीं, वह भी उच्च क्षमता की न होने से शीघ्र ही जर्जर हो गईं और विगत कई वर्ष से ट्रांसपोर्ट नगर की सड़कें खराब हैं और वहां आने वाले ट्रक एवं छोटे माल वाहक वाहन गड्ढों में गिरकर क्षतिग्रस्त हो रहे हैं। शहर का एकमात्र व्यापारिक केन्द्र ट्रांसपोर्ट नगर अपनी जर्जर अवस्था में है। इसके लिए मुख्यमंत्री कायाकल्प अभियान के तहत 18 करोड़ रूपये की राशि स्वीकृत हुई थी जिससे ट्रांसपोर्ट नगर की मुख्य सड़क का निर्माण हो पायेगा, यह भी कार्यवाही भी टेण्डर प्रक्रिया में है जबकि ट्रांसपोर्ट नगर जो कि जीडीए द्वारा बसाया गया था उसका क्षेत्र बरा, शंकरपुर तक फैल गया है। इन क्षेत्रों की सड़कों के निर्माण के लिए लगभग 200 करोड़ रूपये की राशि खर्च होना संभावित है। इसकी डीपीआर बनाकर यह कार्य केन्द्र सरकार के सहयोग से ही संभव हो पायेगा। इसके लिए चेम्बर ऑफ कॉमर्स द्वारा निरंतर जनप्रतिनिधियों से चर्चा कर, कार्यवाही की मांग की गई परंतु अब तक तक इस पर ठोस प्रयास नहीं हुए हैं। चेम्बर ऑफ कॉमर्स की कार्यकारिणी समिति की बैठक में इस विषय पर चरणबद्ध आंदोलन करने की बात भी सदस्यों ने रोष व्यक्त करते हुए कही। वहीं इसके साथ ही सदस्यों ने शहर की सड़कों की जर्जर हालत से परेशानी का विषय भी रखा। इसके साथ ही जयेन्द्रगंज में नगर निगम द्वारा रिलायंस डिजिटल शोरूम पर बिना नोटिस की गई कार्यवाही पर भी रोष व्यक्त किया गया क्योंकि शोरूम के मालिक व्यापारी श्री अजय मेहता द्वारा कोई अनियमितता इसमें नहीं की गई है। निगम की इस मनमानी कार्यवाही की बैठक में निंदा की गई। इसके साथ ही नापतौल निरीक्षक श्री सिंघानिया द्वारा व्यापारियों को बिना किसी कारण परेशान करने एवं उन पर झूठे प्रकरण बनाकर उनसे अवैध वसूली करने पर नापतौल निरीक्षक के खिलाफ शासन से कार्यवाही कराने पर चर्चा की गई। चेम्बर भवन के सामने लगने वाली मण्डी जो कि कोरोना काल के समय अस्थायी रूप से प्रारंभ की गई थी, उसे भी हटाने के लिए कार्यवाही तय की गई।

चेम्बर ऑफ कॉमर्स ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि ट्रांसपोर्ट नगर सहित शहर की जर्जर सड़कों की बदहाल स्थिति को शीघ्र दुरूस्त कराया जाए एवं ट्रांसपोर्ट नगर में उच्च क्षमता व गुणवत्ता वाली सड़कों का निर्माण कराया जाए ताकि समस्या का स्थायी समाधान हो सके। चेम्बर भवन के सामने लगने वाली सब्जी मण्डी को हटाया जाए, नापतौल निरीक्षक श्री सिंघानिया पर कड़ी कार्यवाही की जाए। पदाधिकारियों ने कहा है कि यदि इन समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो चेम्बर ऑफ कॉमर्स को एक जन आंदोलन के लिए मजबूर होना पड़ेगा।

## अग्रवाल करौलीवालान पंचायत मंदिर श्री मदन मोहन जी




महाराज नया बाजार स्थित से दिनांक 3 **ग्वालियर**।अक्टूबर 2024 को महाराजा अग्रसेन जो कि हमारे कुल प्रवर्तक है हमारे इष्ट हैं हमारे पूर्वज है उनकी जयंती के शुभ अवसर पर प्रातः 7~00 बजे नया बाजार स्थित मंदिर के प्रांगण से प्रभात फेरी का आयोजन किया जा रहा है यह प्रभात फेरी मंदिर से प्रारंभ होकर नया बाजार, होते हुए दाल बाजार, दाल बाजार से इंदरगंज चौराहा लोहिया बाजार और वापस मंदिर पर आएगी।पंचायत के महासचिव~ सुनील अग्रवाल सनी, उत्सव मंत्री~ संजय अग्रवाल समस्त अग्रवाल बंधुओ से निवेदन करते हैं कि आपके द्वार, घर ,दुकान, संस्थान से निकलने पर भगवान श्री श्री 1008 अग्रसेन जी के ध्वज ,चित्र पर माल्यार्पण , फूल बरसाकर स्वागत वंदन करें, एवम प्रभात फेरी में सपरिवार उपस्थित रहकर अपने कुल प्रवर्तक के श्री चरणों में आस्था प्रकट करेंप्रभात फेरी का समापन मंदिर प्रांगण में महाराजा अग्रसेन जी की महाआरती, प्रसाद वितरण एवम स्वल्पाहार के साथ संपन्न होगा। परामर्शदाता ओम प्रकाश अग्रवाल लल्ला, मोहनलाल अग्रवाल एमएलए, हरी बाबू गोयल,,ओमप्रकाश गर्ग, रामनाथ अग्रवाल,समीर अग्रवाल, सतीश गर्ग,मनोज अग्रवाल बाबा जनरल,हितेंद्र अग्रवाल हीरा, महेश अग्रवाल हर्ष अग्रवाल,अमर अग्रवाल,ताराचंद अग्रवाल, मोहक अग्रवाल, चिराग अग्रवाल, कपिल अग्रवाल, मयंक अग्रवाल दामू, अचल गोयल, अर्पित गोयल, महादेव प्रसाद मित्तल,मयूरेश अग्रवाल, गौरव अग्रवाल,आदि ने अग्रसेन जी की करौली मंदिर से निकलने बाली प्रभात फेरी के अपने अपने घर से स्वागत करने की अपील की हे

### इंटास फाउंडेशन के द्वारा कैंसर के मरीजों एवं हीमोफीलिया पेशेंट को दी जा रही है अनेक सुविधाएं



ग्वालियर इंटास फाउंडेशन के द्वारा अपना घर में कैंसर मरीजों एवं केयरटेकर को वातानुकूल कमरों की व्यवस्था सामुदायिक रसोई भोजन तथा अस्पताल लाने ले जाने की निशुल्क व्यवस्था की जा रही है साथ ही हीमोफीलिया पेशेंट के लिए भी अनेक सुविधाएं उक्त संस्था द्वारा की जाती है जिसमें फैक्टर वितरण फिजियोथैरेपी की सेवा ऑर्थोपेडिक हेमेटोलॉजिस्ट डेंटिस्ट फिजियोथैरेपिस्ट एवं लैब टेस्ट एवं अन्य सेवा निशुल्क कराई जाती है उक्त संस्था जनवरी 2023 से ग्वालियर में कार्य कर रही है यह जानकारी संस्था के प्रोजेक्ट एसोसिएट नील सारस्वत काउंसलर स्वाति जैन एवं हीमोफीलिया के काउंसलर शुभम तोमर ने आज एक पत्रकार वार्ता में दी उन्होंने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि हमारी संस्था पूरे देश में 40 जिलों में काम कर रही है वही मध्य प्रदेश में ग्वालियर भोपाल में अपनी सेवाएं दे रही है उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि हमारी संस्था अपना घर के नाम से कैंसर के मरीजों एवं हीमोफीलिया के मरीजों को रहने खाने पीने अस्पताल आने-जाने डॉक्टर को ओपीडी में दिखाना दवाइयां दिलवाना इस संस्था का मुख्य उद्देश्य है यह संस्था हीमोफीलिया के मरीज के लिए समय-समय पर एक्टिविटीज का आयोजन करती है तथा हीमोफीलिया के पेशेंट को एडवांस में इंजेक्शन मुहैया कराती है उस इंजेक्शन की कीमत लगभग 10 से ड़15000 बताई जाती है इसी तारतम्य में 29 सितंबर रविवार को दाल बाजार गीता कॉलोनी स्थित अपना घर कैंपस में एक एक्टिविटीज का आयोजन किया जा रहा है जिसमें ग्वालियर के दंत चिकित्सक डॉ विवेक पाठक उपस्थित कैंसर पेशेंट को ओरल कैंसर प्रीवेंशन विषय पर प्रशिक्षण देंगे एवं 10 से 15 अक्टूबर के बीच ग्वालियर में ट्रैक्टर वितरण कैंप का आयोजन किया जाएगा उक्त संस्था द्वारा अभी तक कैंसर के 800 मरीजों को लाभान्वित किया जा चुका है वहीं हीमोफीलिया के ग्वालियर चंबल अंचल के लगभग 100 मरीजों को इंजेक्शन वितरित किया जा चुका है

### पूर्व विधायकों की पेंशन वृद्धि किये जाने भगवान सिंह यादव ने विधानसभा अध्यक्ष को दिया ज्ञापन

भोपाल। म. प्र. विधान सभा के अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर से म.प्र. के पूर्व मंत्री एवं पूर्व विधायक मण्डल के वरिष्ठ उपाध्यक्ष भगवान सिंह यादव ने एक ज्ञापन सौपा है। ज्ञापन में म.प्र. के पूर्व विधायकों की पेंशन में वृद्धि किये जाने की मांग की गई है। पूर्व मंत्री श्री यादव का कहना है कि पूर्व विधायकों की पेंशन में विगत 8 वर्षों से कोई वृद्धि नहीं हुई है। जबकि वर्तमान शासन द्वारा महापौर, पार्षद, सरपंच, पंच व अन्य जनप्रतिनिधियों के वेतन भत्तों में वृद्धि की गई है।पूर्व मंत्री श्री यादव का कहना है कि वर्तमान में गैस, पेट्रोल, डीजल, सब्जी, दाल-चावल, आटा, शक्कर, घी, तेल, दूध आदि की कीमतों में भारी ब?ोत्तरी हो गई है। वर्तमान में अनेकों पूर्व विधायकों की आर्थिक स्थिति दयनीय है। इस कारण पूर्व विधायकों की पेंशन में अन्य राज्यों में की गई

# आपको सिर्फ लखपति बहन तक सीमित नहीं रहना है, करोड़पति बहन बनना है: विधायक विष्णु खत्री बैरसिया

बैरसिया। मेरी लाडली बहनों हमारी सरकार ने आपको स्व~ सहायता समूहों के माध्यम से लखपति बहन बनने के योग्य बना दिया है। अब आपको सिर्फ लखपति बहन बनकर नहीं रहना है, बल्कि करोड़पति बहन बनने का लक्ष्य तय करना है। यह बात बैरसिया विधायक विष्णु खत्री ने शुक्रवार को मप्र डे राज्य आजीविका मिशन द्वारा आयोजित लखपति दीदी सम्मान समारोह के दौरान कही। उन्होंने कहा स्व~ सहायता समूह बनाने के पीछे सरकार की मंशा थी



कि बहने स्वावलंबी बने। आज हमारी सरकार का सपना साकार होता नजर आ रहा है। आज बड़ी खुशी का दिन है कि हम लखपति बहनों को सम्मनित कर रहे है। उन्होंने कहा कि मेरी विधानसभा में आज कई बहने स्व~ सहायता समूहों के माध्यम व्यवसाय कर रही है। वह अब किसी पर आश्रित नहीं है। कार्यक्रम में लखपति क्लब में शामिल हुई बहनों ने अपने लखपति बनने तक के सफर को सभी के साथ साझा किया। उन्होंने बताया कि वह किस तरह से यहाँ तक पहुंची। आज उनका परिवार लखपति हो गया है। उन्होंने अन्य बहनों को इस दिशा में आगे बड़ने के लिए प्रेरित भी किया।कार्यक्रम में विधायक विष्णु खत्री के अलावा जनपद पंचायत प्रतिनिधि कुबेर सिंह गुर्जर, आजीविका मिशन की जिला परियोजना प्रबंधक डॉ रेखा पांडे, सीईओ जनपद पंचायत दिलीप जैन, आजीविका मिशन के सदस्य रामटेक सुधीर कुमार, विकास खंड प्रबंधक रामबाबू साहू सहित अनेक अनेक जन मौजूद रहे।महाराजा अग्रसेन जयंती पर करौली मंदिर नया बाजार से भ० प्रभात फेरी 3 अक्टूबर को

स्वामी, प्रकाशन, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णोपुरम एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रीत करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनुमान मंदिर के पास भिण्ड रोड गोले का मंदिर जिला ग्वालियर मध्यप्रदेश 474005 से प्रकाशित। भरत सिंह चौहान पी. आर. बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। E-mail : Pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, Mob.:8269307478